CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -107 राजनांदगांव, शनिवार 02 मार्च 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## पशिचम बंगाल में बोले पीएम नरेन्द्र मोदी-'लूटने वालों को लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है'



आरामबाग (पश्चिम बंगाल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार की मंशा सही साबित हुई है और पिछले 10 साल में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं. मोदी ने पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के आरामबाग क्षेत्र से 7,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि गरीब, किसान, महिलाएं और युवा देश की प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी गारंटी है... मैं बंगाल के लोगों से वादा करता हूं कि लूटने वालों को लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी छोड़ने वाला नहीं है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'मेरी गारंटी है... मैं बंगाल के लोगों से वादा करता हूं कि लूटने वालों को लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी छोड़ने वाला नहीं है।

मोदी इनकी गालियों और हमले से डरने वाला नहीं है, झुकने वाला नहीं है, जिसने गरीब को लूटा है, उसको लौटाना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लिए भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों और तुष्टिकरण करने वालों का साथ देना...यही एक काम बचा है, यही उनके लिए सबसे बड़ा काम है. टीएमसी ने बंगाल में अपराध और भ्रष्टाचार का एक नया मॉडल पैदा कर दिया है। पीएम मोदी ने संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है। मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं पर चुप्पी साधने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की भी आलोचना की. उन्होंने हुगली जिले के आरामबाग में एक रैली में कहा, 'चोट का जवाब वोट से देना है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'उपलब्धियों के बीच आज बंगाल की स्थिति पर पूरे देश की नजर है. मां, माटी और मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखाली की बहनों के साथ जो किया, उसे देखकर पूरा देश दुखी और गुस्से में है. संदेशखालह की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया, वह शर्म की बात है।' प्रधानमंत्री ने दावा किया कि यह भाजपा के नेतृत्व में निरंतर हुए विरोध प्रदर्शनों से बने दबाव का नतीजा था कि राज्य प्रशासन को आखिरकार संदेशखालि के लोगों के सामने झुकना पड़ा और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करना पड़ा जो लगभग दो महीने से फरार था, जाहिरा तौर पर मोदी अब निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख की गिरफ्तारी का जिक्र कर रहे थे, जिसे 55 दिनों तक पुलिस के शिंकजे से बचे रहने के बाद गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। मोदी ने कहा, 'कोई जरूर उसे बचा रहा होगा। उन्होंने रैली में मौजूद भीड़ से पूछा कि क्या लोग माफ करेंगे और राज्य में ऐसे राजनीतिक दल का समर्थन करते रहेंगे।

टीएमसी सरकार पर हर क्षेत्र में भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि वह संदेशखालि में उपजे असंतोष के बावजूद 'गांधी जी के तीन बंदरों की तरह है जो अपनी आंख, कान और मुंह बंद रखे हुए था। उन्होंने सवाल किया कि वामपंथी और कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कठिन सवाल पूछने से क्यों कतराते हैं? मोदी ने कहा, 'इंडी' गठबंधन के नेताओं के लिए, संदेशखाली में टीएमसी द्वारा प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े होने के बजाय भ्रष्ट और तुष्टीकरण की राजनीति का समर्थन करना सर्वोपरि है. टीएमसी पर 'आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे रहने' का उल्लेख करते हुए मोदी ने उन घोटालों का उल्लेख किया, जिन्होंने हाल ही में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती, नगर निकाय भर्ती और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के क्षेत्र में राज्य को हिलाकर रख दिया था। मोदी ने कहा, इससे पता चलता है कि हमारी सरकार की दिशा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महादेव सट्टा एप केस में अब तक 580 करोड़ की संपत्ति फ्रीज, मेन ऑपरेटर तलरेजा गिरफ्तार





रायपुर। महादेव सट्टा एप केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में ईडी ने रायपुर, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, इंदौर, गुरुग्राम में छापेमारी की है। देश के कुल 15 ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी है। इस मामले में 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब तक 580 करोड़ रुपए फ्रीज किये गये हैं। वहीं 1296 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति का खुलासा हो चुका है। इसके अलावा महादेव सट्टा एप का मेन ऑपरेटर आरोपी गिरीश तलरेजा को गिरफ्तार कर लिया है। तलरेजा की गिरफ्तारी भोपाल से हुई है। उसे आज रायपुर ईडी को सौंपा जा सकता है। रायपुर ईडी को तलरेजा और रतनलाल जैन के पास से शुभम सोनी के साथ करोड़ों रुपयों के ट्रांसजेक्शन का रिकॉर्ड मिला था।

इससे पहले ईडी ने 28 फरवरी को 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई नेता और अधिकारी जांच के घेरे में हैं। ईडी ने छत्तीसगढ़ पुलिस की एफआईआर पर जांच शुरू की थी। इसके अलावा विशाखापटनम पुलिस और कुछ अन्य राज्यों की पुलिस ने भी महादेव एप के खिलाफ केस दर्ज किया था, जिसे ईडी ने रिकॉर्ड पर लिया था।

### महादेव सट्टा एप का मेन ऑपरेटर गिरीश तलरेजा भोपाल से गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप कांड की आंच अब भोपाल तक पहुंच चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को भोपाल समेत कई शहरों में छापेमारी की। भोपाल के गिरीश तलरेजा को भी गिरफ्तार किया है। इससे पहले भी ईडी की टीम ने तलरेजा के भोपाल स्थित घर पर छापा मारा था। ईडी को अब भी इस मामले में भोपाल के ही रतनलाल जैन की तलाश है।

### दुबई भागने की फिराक में था तलरेजा

ईडी ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महादेव सट्टा एप की जांच के दौरान शुभम सोनी को गिरफ्तार किया था। तब यह सामने आया था कि सोनी और भोपाल के प्रदीप तलरेजा और रतनलाल जैन के बीच करोड़ों रुपये का लेन-देन हुआ है। जांच में यह भी पता चला था कि प्रदीप तलरेजा भी महादेव सट्टा एप का प्रमोटर है। इसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ईडी ने जांच शुरू की। गुरुवार रात को इंटेलिजेंस की सूचना के बाद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

मारुति सेल्स
पीविसी डोर, मेमरन डोर, लेमिनेशन डोर, एल्युमिनियम खिड़की, सागौन डोर, माइका डोर, माइका कटपिस डोर, WPVC डोर
* डीलर KAKA PVC के बने माड्यूलर किचन, टी.वी. यूनिट, आलमारी
दीमक से बचत वाटर प्रुफ
10 वर्ष की गारंटी
मो. मयूर टांक-8103046104
पता-मोतीपुर नवागांव राजनांदगांव (छ.ग.)

## गुजरात में आत्महत्या की घटनाएं भाजपा सरकार की विफलता का परिणाम : खड़गे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुजरात में आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए शुक्रवार को इसे सामाजिक तथा आर्थिक विषमता का परिणाम बताया और कहा कि राज्य की भाजपा सरकार इन सब सामाजिक जटिलताओं से निपटने में विफल रही है।

श्री खड़गे ने आज यहां एक बयान में कहा, गुजरात में बढ़ती आत्महत्याओं पर प्रस्तुत आंकड़े बेहद परेशान करने वाले है और इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। राज्य विधानसभा में प्रस्तुत आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में, 495 छात्रों सहित 25,478 व्यक्ति अपना जीवन समाप्त करने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने कहा, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इन दुखद घटनाओं के पीछे मुख्यतः मानसिक स्वास्थ्य संबंधित बीमारियां, गंभीर शारीरिक बीमारियां, पारिवारिक समस्याएं, वित्तीय संकट और परीक्षाओं में असफल होने जैसे कारण शामिल हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राजिम कुंभ कल्प में नागा साधुओं ने निकाली पेशवाई, आलौकिक श्रृंगार के साथ किया प्रदर्शन



गरियाबंद। राजिम कुंभ कल्प मेले में नागा संत-सन्यासियों सहित महात्मा शामिल हो रहे हैं। शुक्रवार को नागा साधुओं ने पेशवाई निकाली। राजिम कुंभ कल्प मेला में जूना, अग्नि और आह्वान अखाड़ों के नागा संत-सन्यासियों सहित महात्माओं ने भगवान दत्तात्रेय का आह्वान करते हुए पेशवाई निकाली। यह पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से शस्त्र पूजन कर आरंभ की।

पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से प्रारंभ होकर सुंदरलाल शर्मा चौक, व्हीआईपी मार्ग, राजिम-नवापारा पुल, इंदिरा मार्केट से मेला मैदान होते हुए संत समागम स्थित अपने पंडाल में पहुंचे। जहां विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर भगवान दत्तात्रेय को स्थापित किया गया।

पेशवाई के दौरान नागा साधु विभिन्न करतब दिखाते हुए शस्त्र प्रदर्शन किया। उक्त अखाड़ों को देखने एवं नागा-साधुओं का आशीर्वाद प्राप्त करने सड़कों के किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ भक्ति भाव और रोमांच के साथ उमड़ पड़ी। राजिम नगर सहित क्षेत्र के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी तादात में दर्शनार्थी उपस्थित होकर इस पेशवाई यात्रा की साक्षी बनते हुए अपने श्रद्धा के फूल समर्पित कर स्वंय को धन्य समझा। पेशवाई यात्रा में विभिन्न अखाड़ों के नागा-साधु, सन्यासियां अपने पारंपरिक आलौकिक श्रृंगार के साथ अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। पेशवाई यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। ताकि व्यवस्था में किसी प्रकार को कोई व्यवधान न पड़े और न ही आने वाले दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधाओं का सामना करने पड़े।

दादाजी डेंटल क्लीनिक
डॉ. सुबोध गुप्ता
BDS, DADS
प्रतिदिन उलब्ध- सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक
रविवार अवकाश
अग्रसेन भवन के पास भरकापारा, राज.
फोन-07744-470074

## बंगलूरू के कैफे में विस्फोट, नौ लोग घायल, सीएम बोले- आईईडी ब्लास्ट हो सकता है



बैंगलूरू। बंगलूरू के रामेश्वरम कैफे में विस्फोट हुआ है, जिसमें नौ लोग घायल हुए हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पहले कहा था कि बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में गैस सिलिंडर विस्फोट नहीं, आईईडी ब्लास्ट हुआ है। हालांकि अब सीएम कह रहे हैं कि घटना के पीछे आईईडी ब्लास्ट हो सकता है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा, बताया जा रहा है कि यह आईईडी ब्लास्ट है। मामले की जांच जारी है। हमें अभी इंतजार करना होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रामेश्वरम कैफे में किसी ने एक बैग रखा था।

कैफे में ब्लास्ट की घटना के बाद व्हाइटफील्ड के फायर स्टेशन ने कहा कि हमें फोन आया कि रमेश्वरम कैफे में सिलेंडर विस्फोट हुआ है। हम मौके पर पहुंचे और हालात पर काबू पाने की कोशिश की। डॉग स्क्वॉड के साथ-साथ फॉरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम भी विस्फोट स्थल पर पहुंची और मौके से सबूत इकट्ठा किए। वहीं, रेस्तरां के एक सुरक्षा गार्ड ने बताया, 'मैं कैफे के बाहर खड़ा था। रेस्तरां में कई ग्राहक मौजूद थे। अचानक जोरदार आवाज सुनाई दी और आग लग गई, जिससे होटल के अंदर मौजूद ग्राहक घायल हो गए। इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि शुक्रवार को रामेश्वरम कैफे में संदिग्ध एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट होने और आग लगने से कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। हालांकि अभी घायलों की सटीक संख्या की जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस ने कहा कि पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक, दोपहर 1.30 से 2 बजे के बीच कुंदनहल्ली में रामेश्वरम कैफे में विस्फोट के बाद आग लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच से ऐसा लगता है कि सिलेंडर में विस्फोट हुआ है। हालांकि, घटना की जांच की जा रही है। घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम सभी पहलुओं से घटना की जांच कर रहे हैं।

## पश्चिम बंगाल के राजभवन में पीएम मोदी से मिलीं सीएम ममता बनर्जी, बताया शिष्टाचार भेंट



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को यहां राजभवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

सुश्री बनर्जी ने आज शाम राजभवन के बाहर संवाददाताओं से कहा कि वह रेस कोर्स हेलीपैड पर प्रधानमंत्री का स्वागत नहीं कर सकीं। प्रोटोकॉल के अनुसार जब राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री किसी राज्य का दौरा करते हैं तो मुख्यमंत्री उनसे मुलाकात करते हैं। उन्होंने कहा, यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। हमारी बस कुछ बातचीत हुई और हमने किसी राजनीतिक मुद्दे पर चर्चा नहीं की।उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि राज्य के बकाये के संबंध में उन्हें जो कुछ भी कहना था, वह प्रधानमंत्री को बता चुकी हैं।

प्रधानमंत्री रात को राजभवन में विश्राम करेंगे और शनिवार को कृष्णानगर, नादिया का दौरा करेंगे। वह कृष्णानगर में बिजली, रेल और सड़क क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह पुरुलिया जिले में रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन द्वितीय चरण (2*660 मेगावाट) की आधारशिला रखेंगे। वह मेजिया थर्मल पावर स्टेशन की यूनिट 7 और 8 की फ्लू गैस डिसल्फराइज़ेशन प्रणाली और एनएच-12 (100 किलोमीटर) के फरक्का-रायगंज खंड के चार लेन का भी उद्घाटन करेंगे।

श्री मोदी दामोदर-मोहिशिला रेल लाइन के दोहरीकरण सहित 940 करोड़ रुपये से अधिक की चार रेल परियोजनाएं रामपुरहाट और मुरारई के बीच तीसरी लाइन , बाजारसौ-अजीमगंज रेल लाइन का दोहरीकरण और अजीमगंज और मुर्शिदाबाद को जोड़ने वाली नयी लाइन राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

## 'मानव मन एक पहेली', सुप्रीम कोर्ट ने कहा- असंख्य वजहों से कोई कर सकता है आत्महत्या

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मानव मन एक पहेली है और असंख्य वजहों से कोई महिला या पुरुष आत्महत्या कर सकते हैं। कोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ 24 साल पहले अपनी मकान मालकिन का उत्पीड़न करके आत्महत्या करने को मजबूर करने के आरोपित को बरी कर दिया।

### खंडपीठ ने क्या कुछ कहा?

बेला एम त्रिवेदी और उज्जल भुयन की खंडपीठ ने कहा कि ऐसा हमेशा नहीं हो सकता कि कोई व्यक्ति आत्महत्या करें और उन परिस्थितियों में फंसे व्यक्ति का उससे कुछ लेना-देना हो। इस मामले में आत्महत्या के लिए शैक्षणिक नतीजों में निराशा, कॉलेज के माहौल में दमन, खासकर छात्रों को दरकिनार किया जाना या फिर नौकरी न मिलना या वित्तीय संकट आत्महत्या की वजह कुछ भी हो सकता है। सर्वोच्च अदालत ने कहा, खुदकुशी के लिए उकसाने का कोई सुबूत नहीं है। अभियोजन पक्ष इसे साबित नहीं कर पाया है।उल्लेखनीय है कि इस मामले में एक पूर्व किरायेदार ने अपनी मकान मालकिन को बहन के बच्चे को स्कूल छोड़कर लौटने के दौरान शादी का प्रस्ताव दिया। युवती के मना करने पर उसने उसकी बहन के परिवार को तबाह करने की धमकी दी और उनका शील भंग कर हत्या करने की भी धमकी दी। घबराई युवती ने घर लौटकर फोन पर अपनी बहनों को इस बारे में जानकारी दी और छह जुलाई, 2000 को जहर खाकर जान दे दी थी।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में शादी समारोह में शामिल होने गए भाजपा नेता की नक्सलियों ने कर दी हत्या



बीजापुर। लोकसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने शुक्रवार को फिर एक बार भाजपा नेता की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी है। घटना जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर तोयनार थाना क्षेत्र में हुई है। जनपद सदस्य व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ समिति के संयोजक तिरूपति कटला शुक्रवार को तोयनार गांव में शादी समारोह में सम्मिलित होने गए थे।

रात करीब नौ बजे समारोह स्थल से बाहर निकलते ही नक्सलियों की स्माल एक्शन टीम के चार लोग ग्रामीण वेशभूषा में आए और चाकू से गर्दन और सीने पर वार कर वहां से भाग गए। आसपास उपस्थित लोग घायल अवस्था में तिरुपति को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत होने की पुष्टि की है। तिरुपति बीजापुर में रहते थे पर अपने पैतृक गांव तोयनार में करीब 20 वर्ष से राशन दुकान का संचालन करते थे। इधर घटना का पता चलते ही स्वजन और भाजपा कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे है।

पूर्व मंत्री व बीजापुर से विधायक रह चुके महेश गागड़ा पर भी नक्सलियों ने हमला किया था, पर तब वे बच गए थे। गागड़ा ने इस हमले को लेकर कहा है कि चुनावी वर्ष में नक्सली, भाजपा नेताओं को निशाना बनाकर हत्या कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा नेताओं की हत्या की और भाजपा को प्रचार करने से रोका गया। अब लोकसभा चुनाव के पहले इस तरह के हमले कर डर का वातावरण निर्मित करने का प्रयास कर रहे हैं।

वामपंथी ताकतें बस्तर में लोकतंत्र को ध्वस्त करने प्रयासरत है पर उनके मंसूबे पूरे नहीं होंगे। गागड़ा ने कहा कि प्रदेश में सरकार बनने के बाद से ही लगातार अंदरुनी क्षेत्र में विकास कैंप खोलकर नियद नेल्ला नार जैसी योजना लागू कर नक्सल संवेदनशील गांव का विकास किया जा रहा है, जिससे भी नक्सली बौखलाए हुए हैं।

## वित्तीय खुफिया इकाई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया




नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (एफआईयू) ने मनी लांड्रिंग निरोधक नियमों के उल्लंघन को लेकर पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

एफआईयू को कुछ इकाइयों और उनके कारोबार से जुड़ी कंपनियों के संबंध में अवैध गतिविधियों के बारे में जांच एजेंसियों से जानकारी मिली थी, इसमें ऑनलाइन जुए के आयोजन और सुविधा प्रदान करने की बात शामिल थी। शिकायत मिलने के बाद एफआईयू ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक की समीक्षा शुरू की। मंत्रालय ने कहा कि इन इकाइयों के खाते पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. में थे, इन्होंने अवैध गतिविधियों से प्राप्ति राशि यानी अपराध की कमाई को पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खातों के माध्यम से दूसरी जगह भेजा गया।

वित्तीय खुफिया इकाई-भारत ने मनी लांड्रिंग निरोधक कानून (पीएमएलए) के तहत दायित्वों के उल्लंघन को लेकर पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। एफआईयू ने एक मार्च को जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया, एफआईयू की कार्रवाई आरबीआई के 31 जनवरी के निर्देश के बाद हुई है। आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 29 फरवरी से अपने ग्राहकों के खातों में नई जमा या 'टॉप अप' स्वीकार करने से रोक दिया था। बाद में तारीख को 15 मार्च तक बढ़ा दिया गया।

# अवैध उत्खनन, परिवहन व रेत भण्डारण पर खनिज विभाग की कार्रवाई, 4 हाईवा-पोकलेन जप्त

**कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में अवैध उत्खनन पर लगातार हो रही करवाई**

**अवैध उत्खनन, परिवहन एवं रेत भण्डारण वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर कार्रवाई करें- कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा**



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध उत्खनन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अवैध उत्खनन, परिवहन व रेत भण्डारण पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने 4 हाईवा, 1 पोकलेन की जप्ती बनाई है। वही 3 रेत भंडारण पर भी कार्रवाई की है।

खनिज निरीक्षक बबलू पांडे ने बताया कि ठेलकाडीह, छुईखदान व बाजार अतरिया में रेत का अवैध भंडारण पाया गया।

इसी तरह छुईखदान व नर्मदा चौक के पास रेत भरी 2 हाईवा, भूलाटोला में 1 हाईवा गिट्टी व दामरी 1 हाईवा मुरुम का अवैध परिवहन करते गया और सोनपुरी में अवैध उत्खनन करते हुए 1 पोकलेन की जप्ती बनाई है। सभी वाहन सम्बंधित क्षेत्र के थानों को सुपुर्द कर दिया गया है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने खनिज विभाग के अधिकारियों को अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन एवं रेत का अवैध भण्डारण करने वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में किसी भी तरह के अवैध उत्खनन के खिलाफ रोकथाम के लिए सक्रियता से काम करने की सख्त हिदायत दी है।

# कंचनबाग में अटल आवास के पास निर्मित सामुदायिक भवन का महापौर ने किया लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 32 में कंचनबाग अटल आवास के पास महापौर निधि अंतर्गत 3.00 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया।

इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री संतोष पिल्ले व श्री गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमीन हुद्दा, वार्ड पार्षद श्री मनीष साहु विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व में वार्ड के सबनम सबा, स्नेहा रामटेके, सायरा बानो, सुशीला खरे, कुसुम सोरी, आसमा बेगम, गिरजा यादव, गंगा बाई मेश्राम द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चनाकर सामुदायिक भवन का विधिवत लोकापर्ण किया।

लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि, वार्डवासियें की मांग पर महापौर निधि से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण होने से अब वार्ड के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिये वार्ड में ही एक उचित स्थान मिल गया। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा मुलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण के अलावा राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत सामुदायिक भवन,मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौदर्यीकरण, उद्यान निर्माण कार्य वार्डो में कराये जा रहे है। इसी प्रकार के विकास कार्य वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगें। इस अवसर पर उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# थलसेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन 22 मार्च तक

राजनांदगांव (दावा)। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि भारतीय सेना में भर्ती की अधिसूचना सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के मुताबिक अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी हैं, जो भारतीय सेना की वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्निवीर की भर्ती जनरल ड्यूटी तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन के लिए 8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण, महिला सैन्य पुलिस एवं नियमित कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी तथा हवलदार एसएसी पदों के लिए जारी की गई हैं। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 22 मार्च 2024 तक खुली रहेगी। अग्निवीर क्लर्क के पद का नाम परिवर्तित किया गया हैं अब उसे अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट कहा जायेगा। अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट के अभ्यर्थियों को ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) के समय टाईपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) 22 अप्रैल 2024 के बाद होने की संभावना हैं। इस साल बस्तर संभाग के लिए जगदलपुर में ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) केन्द्र स्थापित किया जा रहा हैं। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन 0771-2965212 एवं 0771-2965213 पर संपर्क कर सकतें हैं ।

## पहला कॉलम...

### पेंशनर्स को इलाज हेतु 6 लाख 80 हज़ार स्वीकृत



राजनांदगांव (दावा)। संचालक कोष लेखा एव पेंशन महादेव कावरे ने पेंशनर्स को इलाज हेतु वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 हेतु दवाओं के लिये 6,80,496 रु. स्वीकृति दिए हैं। नियम के तहत सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने पर खर्च का दस हज़ार रुपये और निर्धारित गंभीर बीमारी जैसे कैंसर, हार्ट, न्यूरो, किडनी प्रत्यारोपण, जटिल नेत्र सल्य क्रिया हेतु राज्य के बाहर के मान्यता प्राप्त अस्पताल और राज्य के चिकित्सालय, महाविद्यालय और मान्यता प्राप्त तीन अस्पताल में इलाज हेतु तीस हज़ार रुपये की स्वीकृति दी जाती है।पेन्शनर कल्याण निधि नियम 1997 के तहत वर्ष 2022-23 हेतु 49 पेन्शनर को 4 लाख 62 हज़ार रुपये और वर्ष 2023-24 हेतु 25 पेंशनर को 2 लाख 18 हज़ार रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा भी लंबित प्रकरण की समीक्षा की जा रही है।

### [illegible]

छुरिया (दावा)। ग्राम सड़क चिरचारी निवासी अनूप उइके पिता थूकेल राम उइके उम्र 43 साल ने आज फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या का कारण ज्ञात नहीं हुआ है। बागनदी पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### सीआरसी में अंतर्राष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। सीआरसी राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलिम्को के माध्यम से उपस्थित सभी लाभार्थियों को व्हीलचेयर वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने फुटबॉल मैच खेला और सीआरसी से सीएमओ कार्यालय तक व्हीलचेयर दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समन्वय सुश्री चुनमुन मोहंती (प्रोस्थेटिस्ट और ऑर्थोटिस्ट) द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीआरसी के सभी अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिक एवं उनके प्रथम दो आश्रित संतानों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निश्शुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित है। जिसके अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित संतानों को उनके शैक्षणिक योग्यता अनुरूप पीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे पुलिस भर्ती परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 4 माह से अधिकतम 10 माह तक निश्शुल्क कोचिंग प्रदान किया जाता है। इच्छुक एवं पात्र हितग्राही योजना का लाभ लेने के लिए कार्यालय श्रम पदाधिकारी राजनांदगांव से संपर्क कर सकते है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक संगीत प्रधान फिल्म
राजेश मारू प्राडक्शन कृत
मांग सजा दे सजना
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - जीत शर्मा, चेतन शर्मा, श्रेया पारकर, सृष्टि देवांगन, चन्द्रहास बघेल, नवीन देशमुख आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

silver SCREEN
SILVER SCREEN Multiplex
1st March to 7th March 2024




Rakshanam (Hindi) - 12:00 pm
Operation Velentine (Hindi) - 03:00 and 09:00 pm
Dune Part Two (Hindi) - 12:15 and 06:15 pm
Crakk Jeetega Toh Jiyegaa - 06:00 pm
Article 370 - 03:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# जल जीवन मिशन का नाम खाओ-पियो मिशन कर देना चाहिए : नवीन अग्रवाल



**ठेकेदार संजय अग्रवाल की ढाल बने बेशर्म अधिकारी : शमशुल आलम**

राजनांदगांव (दावा)। जनता कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवीन अग्रवाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का घेराव करते हुए अधिकारी को बेशर्म का गुलदस्ता भेंटकर बताया कि विगत दिनों लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को ज्ञापन देकर मेसर्स संजय अग्रवाल फर्म पर कार्यवाही की मांग की थी, मगर ठेकेदार की ढाल बने बेशर्म अधिकारी की जरा भी शर्म नहीं, इसलिए अब जल जीवन मिशन का नाम खाओ-पियो मिशन कर देना चाहिए।

नवीन अग्रवाल ने कहा कि राजनांदगांव डिवीजन के अंतर्गत आने वाले डोंगरगढ़, खैरागढ़, मोहला, राजनादगांव में मेसर्स संजय अग्रवाल रायपुर की फर्म को नल-जल योजना के तहत कुल 10 एग्रीमेंट में 25 करोड़ 70 लाख के कार्य औसतन 32 प्रतिशत एबोव में फरवरी 2022 में आबंटित किया गया था।, जिसकी कार्यावधि 9 माह की थी, यानि की नवंबर 2022 तक सभी कार्य पूर्ण हों जाने थे, मगर आज दिनांक 12 फरवरी 2024 तक 15 माह (ओवर) अधिक हो चुका 20 प्रतिशत कार्य भी नही हुए है। सारे मुख्य कार्य जैसे उच्च स्तरीय टंकी निर्माण और राइजिंग मेन पाइप लाइन कार्य भी कही प्रारंभ ही नहीं हुआ है। डोंगरगढ़ ब्लॉक के कुल 7 ग्रामों जिनमें बांसपहाड़, भूरसाटोला, पिनकापार, मेढा, खलारी, पिपीरखार कला, खमपुर में उच्च स्तरीय टंकी निर्माण कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ है और राइजिंग मेन पाइप लाइन कार्य भी अपूर्ण है।

जिला अध्यक्ष शमशुल आलम ने कहा कि राजनादगांव के अऊरदा, इरईखुर्द और मासुल उक्त ग्रामों में पानी उच्च स्तरीय टंकी निर्माण कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ है और राइजिंग मेन पाइप लाइन कार्य भी अपूर्ण है। इसी प्रकार सबसे ज्यादा खैरागढ़ में कुल 28 ग्रामों में कार्य आबंटित किया गया है, जो की अधूरा है। उच्च स्तरीय टंकी निर्माण कार्य कहीं भी प्रारंभ नहीं हुआ है। राइजिंग मेन पाइप लाइन कार्य भी अपूर्ण है और भुगतान किया गया है, इसके अलावा उक्त फर्म को ही मोहला के 161 ग्रामों का सर्वे और डीपीआर तैयार करने का कार्य देकर 18 लाख का भुगतान किया गया है।

नवीन अग्रवाल ने कहा कि आपसे निवेदन है 15 माह अधिक होने पर भी मेसर्स संजय अग्रवाल रायपुर की फर्म पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है ना उस पर पेनल्टी लगाया गया है। ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो गया है। जल ही जीवन है फिर भी आपका विभाग नींद में है। विभाग कहता है डायटेक्ट पंपिंग से वाटर सप्लाई की जा रही है, जबकि कहीं भी पानी नहीं आता और ठेकेदार को करोड़ों का भुगतान किया जा चुका है। अब यदि उक्त फर्म पर 10 दिनों में कार्यवाही करें, अन्यथा हमें जनहित के मामले में कलेक्टर का घेराव और सड़क पर आंदोलन करना पड़ेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप में युवा जिलाध्यक्ष टिंकू देवांगन, खुज्जी विधानसभा प्रत्याशी विनोद पुराम्म, नवीन साहू, तालेश्वर साहू, पिंकू देवांगन, राहुल देवांगन, सौरभ ठाकुर, जिला महासचिव नमन पटेल, जिला सचिव संदीप मंडले, टिकेश नेताम, आदि निषाद, तामेश्वर पटेल, किशन पटेल, आकाश, डागेश्वर निषाद, शिवा ठाकुर, तामेश्वर निषाद, हेमंत खरे, भगवती मंडले, अजय बंजारे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पं. शिवकुमार शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई गयी




राजनांदगांव (दावा)। जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आज दोपहर वरिष्ठ नेता व प्रख्यात चिंतक व विचारक पंडित शिवकुमार शास्त्री की तेरहवी पुण्यतिथि पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई। भाजपा मीडिया सेंटर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस दौरान उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पंडित शिवकुमार शास्त्री के कार्यो का स्मरण करते हुये कहा कि वे सचमुच गजब की सूझ-बूझ के धनी थे, उनमें उत्कष्ठ क्षमता थी।

वे कठिन से कठिन परिस्थितियों में शांत व प्रसन्नचित रहा करते थे, कैसी भी राजनीतिक परिस्थिति रही हो, उन्होने अपना संयम कभी नहीं खोया। उन्होनें पार्टी का जनाधार बढ़ाने ग्रास रूट स्तर पर संघर्ष कर संगठन को खड़ा किया, वे भाजपा की नई पीढ़ी के लिये सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, मधुसूदन यादव, राजेन्द्र गोलछा, पंडित शास्त्री के पुत्र पातंजली बाजपेयी, रूपचंद भीमनानी, प्रकाश सांखला, विरेन्द्र जैन, रघुवीर वाधवा, सुनील बाजपेयी, नरेश बैद पतली, राजेश श्यामकर, राजेश गुप्ता अग्रहरि, योगेशदत्त मिश्रा, मूलचंद लोधी, आकाश चोपड़ा, रवि सिन्हा, तरूण लहरवानी, अतुल रायजादा, हकीम खान, सुमीत भाटिया, विठ्ठल पटेल सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सतनामी समाज के 88 विवाह योग्य युवक-युवतियां के परिचय सम्मेलन में एक जोड़े का हुआ विवाह



राजनांदगांव (दावा)। जिला सतनामी सेवा समिति राजनांदगांव के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन व आदर्श विवाह कार्यक्रम 25 फरवरी को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु घासीदास बाबा जी के पूजा वंदना कर किया गया। जिसमें समाज के प्रमुख अतिथिगण धनेश पाटीला, रामजी भारती, आयोजक समिति के अध्यक्ष सूर्यकुमार खिलाड़ी, श्रीमती सुशीला खिलाड़ी, प्रो. जी पी रात्रे, गोपीचंद गायकवाड़, पंकज बांधव, श्रीमती उत्तरा कुर्रे, श्रीमती सुलोचना मारकंडे जी, पी आर देशलहरे, सुखीराम जांगड़े आदि शामिल हुए।

इस कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाते हुए 88 विवाह योग्य युवक युवतियों ने अपना पंजीयन कर परिचय में भाग लिए। समिति के निर्णय अनुसार एक जोड़े का विवाह भी संपन्न हुआ। जिन्हें समाज ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस कार्यक्रम में शामिल शहर के मेयर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, पदम कोठारी (पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी), विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान कर कार्यक्रम की विशेषता पर बात रखी गई। साथ ही समिति के इस कार्य के लिए उन्हें बधाई भी दिए। समिति के शिशुपाल भारती, सुंदरलाल चतुर्वेदी, तामेश्वर बंजारे, अजय मारकंडे, रिखी राम गेंड्रे, खुमान देशलहरे, मलिखम कोसरे, पंचराम चंदेल, मनहरण देशलहरे, गणेश मारकंडे, कुंभदास जोशी, टीकम बंजारे, केवल चंदेल, कामेश्वर सांडे, अजय देशलहरे, मनोज बर्मन, कमल बंजारे, पावन रात्रे आदि अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवाओं का विशेष योगदान रहा।

# लिपिक संघ की मांग पर खैरागढ़ क्लेक्टर ने विवादित व्याख्याता को हटाया, लिपिक वर्ग संघ ने जताया आभार

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर कर्यालय में संलग्न मुकसूद खान व्याख्याता के व्यवहार से पीड़ित लिपिकों ने व्याख्याता को हटाए जाने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया था। मामले में कार्यवाही ना होने पर कामकाज ठप्प करके धरने में बैठ गए थे। प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी के संज्ञान में मामला आने पर 13 फरवरी को प्रदेश अध्यक्ष धरने में शामिल हुए और कलेक्टर से वार्ता की, कलेक्टर ने व्याख्याता को हटाने आश्वस्त किया तब लिपिकों ने हड़ताल स्थगित की। छग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की मांग पर कलेक्टर द्वारा विवादित व्याख्याता को हटाने का आदेश जारी कर मूल पदस्थापना संस्था जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भेजा गया।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी, प्रांतीय सचिव अभिलेख सिंह, जिलाध्यक्ष आलोक वैष्णव ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए जिले भर के लिपिकों को संघर्ष की सफलता की बधाई दी।

# कल ग्राम बरोदा में लोहिया पेपर एवं बोर्ड प्रा. लिमि. द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

रायपुर(दावा)। लोहिया पेपर एवं बोर्ड प्रा. लिमिटेड द्वारा कल 3 मार्च को ग्राम बरोदा के पंचायत भवन में प्रातः 9 बजे से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसरपंच भागवत साहू होंगे। लोहिया पेपर एंड बोर्ड के सौजन्य से आयोजित उक्त नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों से अधिकाधिक संख्या में लाभ उठाने की अपील की गई है। स्वास्थ्य परीक्षण श्रीराम पैथालाजी लैब व विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा की जाएगी। ज्ञात हो कि लोहिया पेपर एवं बोर्ड प्रा. लिमिटेड द्वारा आयोजित शिविर में ग्रामीणों द्वारा बढ़-चढ़कर अपने स्वास्थ्य की जांच करा रहे है।

# जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्र में प्लेसमेंट कैम्प 4 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 4 मार्च 2024 को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्र तहसील परिसर राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट कैम्प में विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इस संबंध में जिला रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र उप संचालक एसव्ही राजौरिया ने बताया कि एसआर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर ग्राम चिखली पोस्ट जेवरा सिरसा धमधा रोड जिला दुर्ग के लिए मेडिकल ऑफिसर सहित अन्य पदों पर भर्ती ली जाएगी।

उप संचालक श्री राजौरिया ने बताया कि इसके अंतर्गत मेडिकल ऑफिसर के 12 पद, डेंनटिस्ट के 2 पद, फिजियोथैरेपी के 1 पद, ओटी टेक्नीशियन के 3 पद, एक्स-रे टेक्नीशियन के 3 पद, ऑप्थैलेमिक टेक्नीशियन के 3 पद, पैथोलॉजी लैबटेक्नीशियन के 3 पद, नर्सिंग स्टॉफ 30 पद, डायलिसिस टेक्नीशियन के 4 पद, फील्ड ऑफिसर के 20 पद, इलेक्ट्रीशियन के 4 पद, ड्राईवर के 10 पद, फील्ड ऑफिसर के 20 पद, कार्पोरल मेन के 1 पद, गार्ड के 4 पद, फार्मासिस्ट के 4 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 4 पद, मार्केटिंग के 2 पद, प्लंबर के 2 पद, मल्टीपल वर्कर के 5 पद, टीपीए इंचार्ज के 1 पद तथा नर्सिंग सुप्रीटेडेंट के 1 पद पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदकों को अपने साथ शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं रोजगार पंजीयन कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य हैं। जो आवेदक पदों पर जाने हेतु इच्छुक हैं वे अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। इसके लिए आवेदकों को किसी भी प्रकार का आने-जाने का मार्ग व्यय नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**राजस्व मामला क्रमांक 202402093700046 अ-6 वर्ष 2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भावेश पटेल आ. शांतिलाल पटेल, निवासी-पाटीदार भवन के पीछे, आरामशीन एरिया, राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव मोहल्ला भरकापारा स्थित शीट क्रमांक 60 बी, भूखण्ड क्रमांक-33/3, क्षेत्रफल 106.00 वर्गमीटर जो धारक भावेश पटेल आ. शांतिलाल पटेल, निवासी-पाटीदार भवन के पीछे, आरामशीन एरिया, राजनांदगांव एवं भूखण्ड क्रमांक 33/17, 33/19, 33/2 क्षेत्रफल क्रमशः 33/19 वर्गमीटर, 21.70 वर्गमीटर, 137.00 वर्गमीटर जो धारकगण इल्मुद्दीन, इस्लामुद्दीन आ. स्व. मोहम्मद रज्जाक, निवासी-तराने आटा चक्की के पास लखोली राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत तबादला नामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख **18.03.2024** को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज **दिनांक 29.02.2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

## नाम परिवर्तन

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जितेश कुमार जैन पिता श्री मंगल चंद जैन निवासी हाउस नं. 2/3 रामाधीन मार्ग, जीई रोड के पास वार्ड नं. 27 राजनांदगांव (छ.ग.) में शपथ करता हूँ कि मैं अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम जितेश जैन पिता श्री मंगल चंद जैन रख लिया हूँ।**

**अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम जितेश जैन पिता श्री मंगल चंद जैन से ही जाना पहचाना जावे।**

**जितेश जैन**
**निवासी हाउस नं. 2/3 रामाधीन मार्ग, जीई मार्ग के पास वार्ड नं. 27 राजनांदगांव (छ.ग.)**

## शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-5-8
699-4 340-7
राजधानी
2-6-0
469-9 137-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## - निविदा आमंत्रण सूचना -

निविदा क्रमांक 3 — दिनांक- 29-02-24

खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामु. स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव जिला राजनांदगांव की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 (01.04.2024 से 31.03.25 तक) में अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिये शासन के अधिकतम निर्धारित दर रू. 150.00 भर्ती सामान्य प्रति मरीज प्रतिदिन की दर एवं जे.एस.एस.के. प्रकरण के हितग्राहियों में रू. 100.00 एवं 150.00 सहित कुल 250.00 प्रतिदिन प्रति मरीज को भोजन एवं स्वल्पाहार आपूर्ति करने के लिये महिला स्व-सहायता समूहो/स्थानीय अलाभकारी संस्था एवं स्थानीय फर्म भोजनालय से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित किया जाता है।

उक्त आवेदन हेतु 100.00 कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी डोंगरगांव में जमा कर निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्तें भोजन मेन्यु संबंधी निर्देश प्राप्त किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| **कुल व्यय** | **- अनुमानित 10 लाख वार्षिक** |
| **निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि** | **- दिनांक प्रकाशन दिवस से 20वां दिन शाम 5.00 बजे तक।** |
| **निविदा आवेदन जमा होने की अंतिम तिथि** | **- दिनांक प्रकाशन से 21वां दिन तक दोपहर 2.00 बजे तक** |
| **निविदा खोले जाने की अंतिम तिथि** | **- दिनांक प्रकाशन दिवस से 21वां दिन दोपहर 3.00 बजे पुराना चिकित्सालय डोंगरगांव अवकाश एवं आवश्यक कार्य होने पर अगले कार्य दिवस** |

टीपः- निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में श्री टी मंडावी संगणक कक्ष 7 से प्राप्त किया जा सकता है एवं निविदा में स्थानीय महिला स्व. सहायता समूह अथवा स्थानीय अलाभकारी संस्था को प्राथमिकता दी जावेगी।

**जी- 08252/2**

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामु. स्वा. केन्द्र, डोंगरगांव**

# गर्मी ने दी दस्तक पारा 36 डिग्री से पार...

**अभी से गहराने लगा पानी का संकट... दर्जन भर वार्डों में टैंकर से पहुंचाया जा रहा पानी**



राजनांदगांव(दावा)। मार्च महिना लगते ही गर्मी का एहसास होने लगा है, वही दिन में धूप की तेज चुभन महसूस होने लगी है। वैसे फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में गर्मी ने दस्तक देना शुरू कर दिया था। फरवरी माह का अंतिम दिन गुरूवार को सबसे ज्यादा गर्म दिन रहा इस दिन तापमान का पारा 34.5 डिग्री दर्ज किया गया था जो बढ़ते क्रम में आकर शुक्रवार को 36.5 डिग्री हो गया है। वही न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री है। इससे पता चलता है कि गर्मी अब बढ़ने लगी है। दिन में तेज गर्मी लोगों को परेशान करने लगा है।

बता दे कि गर्मी के दस्तक देते ही शहर में पानी का संकट गहराने लगा है। शिवनाथ नदी एनीकट में पानी की कमी हो गई है। आलम यह है कि दर्जन भर वार्डों में टैंकरों से पानी पहुंचाने पड़ रहे है। खासकर पटरी पार के वार्ड सहित आउटर वार्ड में अभी से पानी की समस्या को लेकर लोग सड़क पर आने लगे है। हालांकि नगर निगम द्वारा गर्मी में पानी संकट से उबरने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। नजदीक के मटिया मोती जलाशय से पानी मंगवाया जा रहा है।

### अमृत मिशन का नल-जल

बता दे कि शहर में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए लगभग 210 करोड़ रूपए से अमृत मिशन योजना का प्रावधान लाया गया है जिसके तहत 45 हजार से अधिक घरों में नल कनेक्शन दिए गये है। वार्डों में भी लगभग 15 टंकिया बढ़ गई है। इससे पानी का ज्यादा उपयोग होने लगा है। यही वजह है कि गर्मी के दस्तक देते ही शहर में पानी की किल्लत होने लगी है। इधर शिवनाथ नदी एनीकट में पानी कम होने की वजह से इसका लेवल बरकरार रखने मटियामोती जलाशय में 150 एमसीएफटी पानी लाया गया। इसके बाद और भी पानी लाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शहरवासियों को गर्मी में पानी की किल्लत नहीं होने देने के लिए मटिया मोती सहित मोंगरा जलाशय व मोखली जलाशय में पानी रिजर्व जरूरत पड़ने पर यहां से पानी लाया जाएगा।

### छाए रहेंगे हल्के बादल

मौसम विज्ञानी एचपी चन्द्रा की माने तो अगले दो-तीन दिनों तक तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। हालांकि इस बीच बारिश की आशंका जरूर जताई गई है। साथ ही आसमान में हल्के बादल छाए रहने की बात उन्होंने कही है। आज दो मार्च के बाद तेज अधड़ चलने की संभावना जताते हुए कहा कि दिन की धूप में तेजी आ सकती है। वर्तमान में राजनांदगांव का तापमान 36 डिग्री से पार जा रहा है। वही न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री है।

# छत्तीसगढ़ को केंद्र से मिला 4842 करोड़ : सीएम विष्णुदेव साय ने कहा- कर हस्तांतरण राशि से होगा प्रदेश का विकास



रायपुर। छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कर हस्तांतरण प्रक्रिया में प्रदेश को 4,842 करोड़ रुपये की किश्त जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति प्रदेश इकाई और प्रदेशवासियों की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित की है। छत्तीसगढ़ को केंद्र से कर हस्तांतरण राशि मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कर हस्तांतरण राशि से छत्तीसगड़ का विकास होगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि निश्चित ही यह राशि विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ओर से पिछले 10 सालों के कार्यकाल में अब तक कर की हिस्सेदारी और योजनाओं के तहत 4,842 करोड़ रुपये की इस राशि को मिलाकर प्रदेश को 3.70 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं।

किरण सिंह देव ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ, तब केंद्र में एक लंबे समय तक केंद्र में कांग्रेसनीत यूपीए की सरकार 10 सालों तक काबिज थी। प्रदेश में तब डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व में भाजपा की सरकार थी और तब केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश की तत्कालीन भाजपा सरकार को कोई उल्लेखनीय आर्थिक मदद नहीं मिल पाती थी, लेकिन जबसे केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार गठित हुई है, 2014 से 2024 तक के 10 सालों के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को 3.70 लाख करोड़ रुपए प्रदेश के विकास के लिए करों की हिस्सेदारी और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए दिए गए हैं।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये शास्त्री जी



राजनांदगांव (दावा)। स्मृतिशेष पं. शिवकुमार शास्त्री की पुण्यतिथि पर आज कान्यकुब्ज सांस्कृतिक भवन में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में पं. शिवकुमार शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम का आयोजन कान्यकुब्ज सभा द्वारा किया गया। आज पूर्वान्ह 11.00 बजे आयोजित संक्षिप्त किंतु गरिमामय कार्यक्रम में स्मृतिशेष पं. शिवकुमार शास्त्री पुण्य स्मरण कर उनकी प्रस्तर प्रतिमा पर समाज के अनेक सदस्यों ने उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में संरक्षक प्रो.आर.पी. दीक्षित, पातांजलि बाजपेयी, जगदीश प्रसाद मिश्रा, यज्ञनारायण शुक्ला, उपाध्यक्ष बी.डी. तिवारी, प्रभात तिवारी, सुनील बाजपेयी, अखिलेश तिवारी, शैलेष शुक्ला, मुकेश तिवारी, विकास शुक्ला, प्रभात बाजपेयी, सुरेन्द्र नाथ बाजपेयी, भूपेन्द्र बाजपेयी, अजय शुक्ला एवं दिवाकर बाजपेयी सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश तिवारी ने किया।

# पारीकला के ग्रामीणों को सर्विस रोड सहित रेल्वे माल गोदाम रोड की मिल रही सौगात



**सांसद संतोष पांडे ने सर्विस रोड का किया भूमिपूजन व गुड्स शेड्स सड़क का किया निरीक्षण**

राजनांदगांव (दावा)। नेशनल हाइवे में पर्रीनारा तिराहे के पास आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं से पार्रीकला ग्रामवासियों को अब मुक्ति मिल जाएगी। क्योंकि जिले के सांसद संतोष पांडे ने उक्त सर्विस रोड का भूमिपूजन कर काम चालू करवा दिया है। यही नहीं पार्रीकला गांव में बन चुके रेल्वे माल गोदाम तक बन रहे पक्की कांक्रीटीकरण मार्ग का निरीक्षण भी किया है। रेल्वे माल गोदाम तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) तक बन रही मार्ग से वहां का व्यापार व्यवसाय भी बढ़ जाएगा। इस हिसाब से देखा जाए तो पार्रीकलावासियों को एक साथ दो-दो सौगात मिलने जा रहा है।

बता दे कि नांदगांव रेल्वे स्टेशन का 25 करोड़ की लागत से अमृत स्टेशन योजना के तहत हो रहे कायाकल्प का मोदी जी ने 26 फरवरी को वर्चुअल शिलान्यास किया था। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद संतोष पांडे ने पार्रीकला गुड्स शेड्स का विशेष रूप से जिक्र किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 4 वर्षों तक जीई रोड से पार्रीकला माल गोदाम तक जाने वाली पहुंच मार्ग लटका रहा। भाजपा का शासन आते ही उक्त मार्ग तेजी से बन रहा है। उक्त मार्ग अब पूरा होने की कगार पर है। नेशनल हाइवे से पार्रीकला ग्राम होते हुए रेल्वे माल गोदाम तक जाने वाली पक्की सड़क के बनते ही नांदगांव रेल्वे स्टेशन का माल गोदाम पार्रीकला शिफ्ट हो जाएगा और शहर की वाले उक्त भाग में सर्वसुविधायुक्त एक नम्बर प्लेट फार्म बनेगा। बता दे कि शहर से दो किमी दूर पार्रीकला गांव मोड पर फोरलेन सड़क में वैध क्रासिंग नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इससे कई ग्रामवासियों के अलावा अन्य लोगों की जाने जा चुकी है। इसे लेकर पार्रीकला व आसपास के लोगों ने कई बार आन्दोलन किया है। सड़क जाम की है। इसके बाद भी ग्रामवासियों की मांग पूरी नहीं हुई। अब 8 वर्ष बाद इस पर जमीनी स्तर पर काम होने जा रहा है। गुरूवार 29 फरवरी को सांसद संतोष पांडेय ने पार्रीनाला के पास भूमिपूजन कर निर्माण काम शुरू कराया है। अब उक्त सर्विस लेने के बनने से राष्ट्रीय राजमार्ग पार्रीकला तिराहे के पास वाले खतरनाक मोड़ शीघ्र ही ग्रामीणों के लिए सुरक्षित स्थान बन जाएगा। बताया जाता है कि पार्रीकला के उक्त तिराहे से नेहरू नगर तक उक्त सर्विस रोड बनेगी। उसके आगे बायपास मोड अंजोरा तक भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुल बगैरह के काम कराए जाएंगे।

इसके लिए अंजोरा, टेडेसरा सोमनी आदि तक अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाकर हटाना शुरू हो गया है। इधर पार्रीकला ग्रामीणों को रेल्वे माल गोदाम तक जाने वाली पक्की सड़क व पार्रीकला तिराहे से नेहरू नगर तक सर्विस रोड बनाए जाने की सौगात मिलने से ग्रामवासियों में खुशी देख जा रही है। ग्राम के रंजन साहू एवं शीतल प्रसाद ने बताया कि उक्त सड़क के लिए प्रशासन से लेकर रेल्वे प्रबंधन तक दबाव बनाने से उक्त सुविधाएं उपलब्ध होने जा रही है।

# स्वर्ण आभा से जगमगाया बागेश्वर धाम मंदिर

- *महाशिवरात्रि आस्था के दिव्यांग नैनिहाल करेंगे दीप प्रज्जवलन*
- *श्रीराम मंदिर सरयू नदी के जल से होगा शिव जी का जलाभिषेक*



राजनांदगांव(दावा)। महाशिवरात्रि पर्व अगले सप्ताह श्री बागेश्वर धाम शिव मंदिर में धूमधाम पूर्ण आस्था, भक्ति के साथ शिवभक्तों द्वारा 5 दिवसीय शिव महोत्सव मनाया जावेगा। उक्त जानकारी देते हुए बागेश्वर धाम मंदिर के सेवकों पंकज गुप्ता, सूरज गुप्त, विजय गुप्ता, राकेश ठाकुर, डीसी जैन,अमलेदू हाजरा,सौरभ खंडेलवाल, राजेश शर्मा, महेन्द्र लोधी,सुमित चौरसिया, मनीष यादव, हरिश भानुशाली, अमित खंडेलवाल ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री बागेश्वर धाम मंदिर जो कि गोल्डन टेम्पल के नाम से प्रसिद्ध है। उसमें नये स्तर पर स्वर्ण पालिश (24 कैरेट गोल्ड) करवाई गई है जिससे मंदिर स्वर्ण की तरह स्वर्ण आभा से जगमगा रहा है। महाशिवरात्रि पर्व में आकर्षक लाईटिंग व फूलो से विशेष साज-सज्जा भी मंदिर में की जावेगी।

5 दिवसीय शिव महोत्सव में प्रथम 3 दिन मिट्टी के शिवलिंग निर्माण शिवभक्तो द्वारा किया जावेगा। महाशिवरात्रि की पूर्वसंध्या 1 दिन पूर्व 07 मार्च को भव्य दिपोत्सव शिव जी की विभिन्न आकृतियों धार्मिक प्रतीक चिह्न पर आधारित रहेगा। जिसके पूर्व संध्या 6 से 7 बजे तक आस्था मूक बधिर शाला के दिव्यांग नैनिहाल बच्चो द्वारा विशेष पुरस्कृत धार्मिक प्रस्तुति श्री बागेश्वर उत्सव भवन में दी जावेगी, उसके पश्चात उनके व शिव भक्तों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया जावेगा।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान श्रीराम के आयोध्या धाम की पवित्र सरयू नदी से श्रीराम शिव भक्तो द्वारा लाए गए पवित्र जल से भगवान शिव बागेश्वर महादेव का जलाभिषेक सभी शिव भक्तगण 8 मार्च प्रातः 8 बजे से दिन भर व रात्रि तक किया जावेगा।श्रीराम ने लंका विजय के पूर्व शिवजी का ही अभिषेक पूजन किया था।

महाशिवरात्रि के दिन द्वादश ज्योर्तिलिंग,पार्थिव शिवलिंग पूजन शिवभक्तो द्वारा प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक किया जावेगा। संध्या 7 बजे शिव महाआरती (गंगा आरती तर्ज) में संस्कारधानी व प्रदेश में प्रथम बार आयोजित की जा रही है, महाआरती भक्तों द्वारा ढोल-नगाड़ो व आतिशबाजी के साथ की जावेगी जो कि दर्शनीय होगी।

श्री बागेश्वर धाम के उक्त शिवभक्ति के आयोजन व पूजन में सभी नगरवासियों से उपस्थिति व दर्शन लाभ धर्म लाभ प्राप्त करने की आग्रह श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवको द्वारा किया गया। उक्त जानकारी बागेश्वर मंदिर सेवक अजय गुप्ता व विकास गुप्ता द्वारा दी गई है।

# स्टेशन पारा अंडरब्रिज़ निर्माण में हो रही देरी के लिए नगर निगम के सत्ताधारी दोषी- देवेश घाटोड़े



राजनांदगांव (दावा)। मार्च को स्थानीय स्टेशन पारा रेल्वे क्रॉसिंग को बंद हुए 1 साल पूरा हो गया। इस मुद्दे पर क्षेत्र के पूर्व भाजपाई पार्षद श्री देवेश घाटोड़े का कहना है कि निर्माण में हो रही देरी के लिए पूर्णरूपेण नगर निगम की सत्ता में विराजमान पार्टी और उनके जनप्रतिनिधि दोषी है।

श्री घाटोड़े ने अपनी बात स्पष्ट करते हुए कहा कि रेल्वे प्रशासन ने अंडरब्रिज़ निर्माण में बाधा बन रही पाईपलाइन को अतिशीघ्र हटाने नगर निगम प्रशासन को बारम्बार चेताया। लेकिन निगम की सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया और परिणामस्वरूप आज की तारीख तक केवल पटरी के उस ओर एप्रोच रोड़ का निर्माण ही हो पाया। अभी कुछ दिन पूर्व पाईप लाईन का रूट गौरीनगर की ओर से किया गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुका है। स्टेशनपारा अंडरब्रिज़ निर्माण का मुख्य कार्य टनल खुदाई आज पर्यंत तक आरम्भ ही नहीं हो सकी। जिसके चलते क्षेत्र के बढ़े-बूढ़े, स्कूली छात्र से लेकर व्यवसायी सभी परेशान है। ओव्हरब्रिज पर प्रतिदिन बढ़ रहे यातायात दबाव के लिए भी कहीं न कही निगम के सत्ताधारी ही दोषी है। पूर्व में स्टेशनपारा वार्ड के एक पार्षद प्रतिनिधि द्वारा आए दिन सोशल मीडिया इत्यादि में रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वागत सत्कार मुलाक़ात की फ़ोटो अंडरब्रिज़ निर्माण का श्रेय लेने की दृष्टि से वायरल की जाती थी, जो राज्य की सत्ता से कांग्रेस के सफाया हो जाने से अब किसी कोने में दुबके बैठे है।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मांग सजा दे सजना' को देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ी

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय श्री कृष्णा टॉकीज में आज बैगा ग्रुप राजनांदगांव फिल्म की छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मांग सजा दे सजना' का प्रीमियर शो आयोजन किया गया।



**कृष्णा टाकीज में हुआ फिल्म का प्रीमियर शो**

प्रीमियर शो में फिल्म प्रमुख कलाकार जीत शर्मा, श्रेया पारकर, चेतन शर्मा, चंद्रहास बघेल, कमलेश सिमनकर, शीतल रामटेके और फिल्म से जुड़े अन्य कलाकार श्री कृष्णा टाकीज पहुंचे। फिल्म के निर्माता और राजेश मारू और निर्देशक रोहित चंदेल ने ढोल नगाड़े और आतिशबाजी के साथ कलाकारों का स्वागत किया। फिल्म के कलाकारों ने फिल्म देखने आए दर्शकों का अभिवादन किया तथा दर्शकों के साथ बैठकर फिल्म का लुत्फ उठाया।

पारिवारिक फिल्म 'मांग सजा दे सजना' को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ी। फिल्म देखने के पूर्व अनेक दर्शकों ने फिल्मी कलाकारों के साथ सेल्फी भी ली। फिल्म को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह देखा गया। बेहतरीन कहानी, उम्दा संवाद, गुदगुदाने वाली कामेडी और कर्णप्रिय गीतों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और उन्हें अंत तक बांधे रखा। फिल्म के क्लाइमेक्स को महिला दर्शकों ने सर्वाधिक पसंद किया।

फिल्म देखकर निकले अजय मारकंडे ने इस प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए कहा कि बहुत अंतराल के बाद एक साफ सुथरी छत्तीसगढ़ी फिल्म देखने का अवसर मिला। फिल्म बहुत ही सलीके से बनी है। यह फिल्म दर्शकों को पूरे समय तक सीट से बांधे रखी। शानदार डायलॉग, बेहतरीन कॉमेडी और मनभावन गीत पसंद आए। हर्ष कुमार बिंदू के गीतों और श्यामलेंदु हाजरा, तरूण गड़पायले तथा सौरभ महतो के संगीत से सजे सुमधुर गीत फिल्म की जान है। बेहतरीन कोरियोग्राफी से जहां छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति से दर्शक जुड़े वहीं राजनांदगांव जिले के बेहतरीन प्राकृतिक दृश्यों से दर्शक रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि यह फिल्म महिलाओं के साथ सभी आयु वर्ग के दर्शकों को पसंद आएगी।

# आज बढ़ती महंगाई को लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्र की भाजपानीत मोदी सरकार की विफलताओं एवं गलत नीतियों के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है। दैनिक आवश्यक रोजमर्रा वस्तुओं जैसे खाद्य पदार्थ, सब्जी, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी/पीएनजी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में बढ़ती महंगाई को लेकर आज 2 मार्च शनिवार को कांग्रेस भवन गोलबाजार के पास सुबह 11 बजे से बढ़ती महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने दी।

# होटल ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग पर खाद्य विभाग की कार्यवाही



मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा होटल ढाबों की जांच की गई। जांच के दौरान अ.चौकी के ग्राम सांगली के मुख्य मार्ग पर स्थित ढाबा सीजी-32 में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाया गया। ढाबा के संचालक प्रशांत शर्मा एवं शेखर सांगोडे का बयान दर्ज किया गया। जांच के समय ढाबा में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर खाना बनाया जा रहा था। जो कि अवैध पाया गया। खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से उपयोग किये जा रहे 04 नग घरेलू सिलेंडर को चूल्हा के साथ जप्त किया गया। संचालकों के द्वारा द्रविकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन करना पाया गया। नियम का उल्लंघन करने के कारण प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में सहायक खाद्य अधिकारी संजय कुमार कौशिक एवं खाद्य निरीक्षक मोहला/अम्बागढ़ चौकी विश्वनाथ बंजारे उपस्थित थे।

# शासन की योजनाओं की जानकारी देने में प्रेरणादायी है जनमन पत्रिका



**० जिले के दूरस्थ वनांचल ग्राम जोब में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में जनमन पत्रिका का किया गया वितरण**


राजनांदगांव (दावा)। जिले के दूरस्थ वनांचल छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत जोब में जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों को जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित हिन्दी मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन किताब का निःशुल्क वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका को पढ़कर लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की। लोगों ने जनमन पत्रिका पढ़कर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के जीवन का सफर प्रेरणादायक है। जनसामान्य ने कहा कि इसमें शासन की कृषक उन्नति योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस, महतारी वन्दन योजना, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है।

ग्राम जोब निवासी श्री पुनेश पटेल ने कहा कि वे बीएससी उत्तीर्ण कर अब शासकीय नौकरी की तैयारी कर रहे हैं। श्री पुनेश ने जनमन मिलने पर बहुत खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह अच्छी पत्रिका है जिसमें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के साथ अन्य मंत्रीमंडल के सदस्यों का जीवन परिचय दिया है। इसके साथ केन्द्र और राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं की पूरी जानकारी दी गई है। इस पत्रिका से शासन की कार्ययोजनाओं और फैसलों के संबंध में युवाओं और जनसामान्य को जानकारी एवं जागरूकता मिली है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पत्रिका जनजागरूकता के साथ सूचनाएं भी प्रदान करती हैं, जिससे वे लाभान्वित हो सके। श्री पुनेश ने कहा कि इस पत्रिका में पारदर्शी तरीके से विधानसभा के सभी सदस्यों का मोबाईल नंबर प्रकाशित किया गया है।

ग्राम भर्रीटोला निवासी तन्नू साहू ने बताया कि वे स्नातक कर ली है। अभी वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। तन्नू साहू ने कहा कि पत्रिका में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री सहित मंत्रीमंडल, विधानसभा के सभी सदस्यों की विस्तृत जानकारी व मोबाईल नंबर भी दिया गया है। पत्रिका में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों से जुड़ी अद्यतन जानकारी बहुत ही सरल ढंग से दी गई है। इस पत्रिका को पढ़ने से शासन की नीतियों और कार्ययोजनाओं के प्रति गहरी समझ विकसित होती है। जिससे शासन की योजनाओं के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता आएगी। निःशुल्क छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

उल्लेखनीय है कि जनमन में सरकार का फैसला जोश में युवा, गारंटी पूरी किसानों को मिला दो वर्ष का बोनस, प्रधानमंत्री मोदी का दौरा चर्चा में लक्षद्वीप, विकसित भारत संकल्प यात्रा जनभागीदारी में छत्तीसगढ़ आगे की जानकारी दी गई है। वहीं भगवान राम के दर्शन कराएगी सरकार, 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद श्री राम मंदिर निर्माण का सपना हुआ साकार, भगवान राम की पवित्र स्मृतियों को सहेजने और संवारने तथा सुशासन के संकल्प को लेकर आगे बढ़ती विष्णु देव सरकार कैलेण्डर का वितरण किया गया।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्षों की बैठक 5 को



राजनांदगांव (दावा)। इस लोकसभा क्षेत्र के सभी चार जिलों के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्षों की बैठक आगामी 5 मार्च को मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित है।

बैठक के संबंध में जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने बताया कि 5 मार्च को सुबह 10.00 बजे से राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान, गंडई और मोहला-मानपुर, चौकी जिले के अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्षों की बैठक होगी। जिसमें लोकसभा क्षेत्र स्तरीय स्नेह संवाद से संबंधित चर्चा की जाएगी। इस बैठक में बतौर खास मेहमान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद और भाजपा के प्रदेश मंत्री आसिफ शेख के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक में मोर्चा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**गुड्स प्लेटफार्म का डेवलपमेंट**

ई-निविदा सूचना ▪ दिनांक: 28.02.2024

इलेक्ट्रीकल विभाग(टीआर-डी) ▪ खुली निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र.: GSU-TRD-NGP-2023-24-3, दिनांक 28.02.2024. कार्य का नाम: द.पू.म. रेलवे के दुर्ग रेलवे स्टेशन के मेजर अपग्रेडेशन के संबंध में रसमड़ा स्टेशन में गुड्स प्लेटफार्म का डेवलपमेंट (OHE एवं PSI मॉडिफिकेशन वर्क)। IRPSM ID: 13.03.53.23.1.53.023. निविदा मूल्य: ₹ 2,17,64,391.90. इलेक्ट्रॉनिक ऑफर की प्रस्तुति (ऑनलाइन) की अंतिम तिथि: 22.03.2024 को 15.00 बजे। उपरोक्त निविदा के लिए, अधिक जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

(DEE/TRD/NGP)
For Sr. DEE & Dy. CEE/GSU(TRD),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर.

अवेस/60/253

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

*जीवन में आपको रोकने-टोकने वाला कोई है तो उसका एहसान मानिए, क्योंकि जिन बागों में माली नहीं होते, वो बाग जल्दी ही उजड़ जाते हैं*

# मैक्रों के बयान के बाद पुतिन की चेतावनी को क्यों माना जा रहा है ख़तरनाक

पुतिन ने कहा, अमेरिका और यूरोप को ये समझ लेना चाहिए कि हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं, जो उनके ठिकानों को निशाना बना सकते हैं. इससे एक ऐसा संघर्ष छिड़ सकता है, जिसमें परमाणु युद्ध का वास्तविक जोखिम पैदा हो सकता है. इससे सभ्यताओं के भी ख़त्म का ख़तरा भी हो सकता है.

पुतिन ने उन रणनीतिक हथियारों को भी जानकारी दी जो रूस के सेना में शामिल किए जाने हैं. इनमें सरमत इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल भी है, न्यूक्लियर वॉरहेड ले जाने में सक्षम है.

दरअसल, पुतिन की ओर से परमाणु युद्ध के जोखिम की चेतावनी एक सप्ताह पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने यूक्रेन में सेना भेजने की संभावना से इनकार नहीं किया था. हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति और जर्मनी के चांसलर ओलाफ़ शॉल्त्स इससे सहमत नहीं है.रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध तीसरे साल में प्रवेश कर गया है. यूक्रेन भले ही रूस की सेना से लड़ रहा है लेकिन उसके सामने हथियारों का संकट खड़ा हो गया है. यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेंलेस्की ने हाल में कहा था कि अब तक यूक्रेन के 31 हज़ार सैनिकों की मौत हो चुकी है और उसके पास हथियारों की कमी हो गई है. ज़ेलेंस्की ने पश्चिमी देशों हथियारों की सप्लाई बढ़ाने को कहा है.दूसरी ओर रूसी सेना यूक्रेन में लगातार आगे बढ़ रही है. ऐसे में यूक्रेन के सामने युद्ध में टिके रहना मुश्किल होता जा रहा है. पुतिन ने कहा है कि अगर पश्चिम यूक्रेन में अपने सैनिकों को भेजता है तो यह रूस और नेटो के बीच सीधा युद्ध होगा. इमैनुएल मैक्रों का यह कहना कि यूक्रेन में नेटो के सैनिकों को भेजने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है को नासमझ भरे बयान के रूप में देखा जा रहा है.अंग्रेज़ी अख़बार द हिन्दू में फॉरन एडिटर स्टैनली जॉनी ने मैक्रों के बयान को पागलपन भरा कहा है. स्टैनली जॉनी ने लिखा है, यह पागलपन भरा बयान है. लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि फ़्रांस को लगता है कि नेटो से आर्थिक और सैन्य मदद के बावजूद यूक्रेन रूस से जंग नहीं जीत सकता है. इस बीच, यूक्रेन को अमेरिका की ओर से मिलने वाली 60 अरब डॉलर की सैन्य सहायता भी राजनीतिक विवाद की वजह से उसकी संसद में अटक गई है.इधर, यूरोप ने रूस के हमलावर तेवरों में बढ़ोतरी को देखते हुए हथियारों का उत्पादन बढ़ा दिया है. यूक्रेन की सेना में इस बात को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है कि गर्मियों के आते ही रूसी सेना उसकी रक्षा पंक्ति को भेद कर और बढ़त बना सकती है.अगर उसे हथियार और गोला-बारूद की सप्लाई नहीं हुई तो हालात और ख़राब हो सकते हैं. यूक्रेन के लिए युद्ध का मोर्चा और निराशाजनक दिख रहा है.



नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइज़ेशन यानी नेटो दूसरे विश्व युद्ध के बाद 1949 में बना था. इसे बनाने वाले अमेरिका, कनाडा और अन्य पश्चिमी देश थे. इसे इन्होंने सोवियत यूनियन से सुरक्षा के लिए बनाया था. तब दुनिया दो ध्रुवीय थी. एक महाशक्ति अमेरिका था और दूसरी सोवियत यूनियन.शुरुआत में नेटो के 12 सदस्य देश थे. नेटो ने बनने के बाद घोषणा की थी कि उत्तरी अमेरिका या यूरोप के इन देशों में से किसी एक पर हमला होता है तो उसे संगठन में शामिल सभी देश अपने ऊपर हमला मानेंगे. नेटो में शामिल हर देश एक दूसरे की मदद करेगा.लेकिन दिसंबर 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद कई चीज़ें बदलीं. नेटो जिस मक़सद से बना था, उसकी एक बड़ी वजह सोवियत यूनियन बिखर चुका था. दुनिया एक ध्रुवीय हो चुकी थी. अमेरिका एकमात्र महाशक्ति बचा था. सोवियत यूनियन के बिखरने के बाद रूस बना और रूस आर्थिक रूप से टूट चुका था. रूस एक महाशक्ति के तौर पर बिखरने के ग़म और ग़ुस्से से ख़ुद को संभाल रहा था. कहा जाता है कि अमेरिका चाहता तो रूस को भी अपने खेमे में ले सकता था लेकिन वो शीत युद्ध वाली मानसिकता से मुक्त नहीं हुआ और रूस को भी यूएसएसआर की तरह ही देखता रहा.जॉर्ज रॉबर्टसन ब्रिटेन के पूर्व रक्षा मंत्री हैं और वह 1999 से 2003 के बीच नेटो के महासचिव थे. उन्होंने पिछले साल नवंबर महीने में कहा था कि पुतिन रूस को शुरुआत में नेटो में शामिल करना चाहते थे लेकिन वह इसमें शामिल होने की सामान्य प्रक्रिया को नहीं अपनाना चाहते थे.

पुतिन 2000 में रूस के राष्ट्रपति बने थे. जॉर्ज रॉबर्टसन ने पुतिन से शुरुआती मुलाक़ात को याद करते हुए बताया है, पुतिन ने कहा- आप हमें नेटो में शामिल होने के लिए कब आमंत्रित करने जा रहे हैं? मैंने जवाब में कहा- हम नेटो में शामिल होने के लिए लोगों को बुलाते नहीं हैं. जो इसमें शामिल होना चाहते हैं, वे आवेदन करते हैं. इसके जवाब में पुतिन ने कहा- मैं उन देशों में नहीं हूँ कि इसमें शामिल होने के लिए आवेदन करूं. अमेरिका ने पुतिन की इस चेतावनी को ग़ैर ज़िम्मेदाराना क़रार दिया है. हालांकि उसने कहा है कि पुतिन जैसा कह रह रहे हैं, वैसा कोई बड़ा जोखिम नहीं है अमेरिकी विदेश विभाग प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, ये पहली बार नहीं है, जब पुतिन ने इस तरह का ग़ैर ज़िम्मेदाराना बयान दिया है. परमाणु हथियार संपन्न किसी देश के प्रमुख को इस तरह से बात नहीं करनी चाहिए.उन्होंने कहा, इससे पहले हम रूस को सीधे और निजी तौर पर बता चुके हैं कि परमाणु हथियार इस्तेमाल के क्या नतीजे हो सकते हैं. मिलर ने कहा, हमारे पास ऐसा कोई संकेत नहीं है, जिससे ये पता चलता हो कि रूस परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है. पुतिन का वार्षिक संबोधन दो घंटे छह मिनट तक चला. एक तरह से इसके ज़रिये उन्होंने अपना चुनावी घोषणा पत्र लोगों के सामने रखा है. रूस में 15 से 17 मार्च तक राष्ट्रपति चुनाव होने हैं. पुतिन की जीत उनकी चौथाई सदी के शासन को और छह साल तक बढ़ा देगा 71 साल के पुतिन रूस जोसेफ स्टालिन से लेकर अब तक सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले नेता बन गए हैं. उन्होंने 2020 में संविधान में बदलाव करके 2036 तक राष्ट्रपति बने रहने का रास्ता साफ़ कर लिया है. उस समय तक वो 83 साल के हो जाएंगे. पुतिन ने यूक्रेन के साथ युद्ध का हवाला देते हुए कहा कि हर कोई जीत हासिल करने में अपनी भूमिका अदा कर रहा है. उन्होंने कहा कि 2022 में युद्ध छेड़ने के दौरान की प्रतिबद्धता बरकरार रखी है.

रूस ने यूक्रेन पर 24 फ़रवरी 2022 को हमला किया था. युद्ध के तीसरे साल में प्रवेश करते ही अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस पर नए प्रतिबंधों को एलान कर दिया था.पहले दौर के प्रतिबंधों से ऐसा लग रहा था कि रूस की अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी. लेकिन उसने चीन, भारत और ब्राजील जैसे देशों को सस्ता तेल बेचना शुरू कर दिया. इसके अलावा युद्ध की वजह से बढ़ाए गए खर्च ने रूसी अर्थव्यवस्था की रफ्तार बनाए रखने में मदद की है. हालांकि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की वजह से रूस के केंद्रीय बैंक के यूरोप और अमेरिका में 300 डॉलर की संपत्ति जब्त की जा चुकी है. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 500 रूसी व्यवसायों पर पाबंदी लगाने की घोषणा की है. ह्यह्यह्यपाबंदियों की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि वे रूस की युद्ध मशीनरी को निशाना बनाएंगे. करीब 100 फर्मों या व्यक्तियों पर निर्यात पाबंदी लगाई जाएगी.

# कानून के हाथ! शाहजहां शेख गिरफ्तार लेकिन टीएमसी सवालों के घेरे में

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले में गुरुवार को मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को पुलिस ने आखिर गिरफ्तार कर लिया। मगर इससे पहले जिस तरह पचपन दिन तक राज्य सरकार एक विचित्र जद्दोजहद में झूलती दिखी, उससे यही लगता है कि उसकी गिरफ्तारी के लिए दबाव बढ़ते जाने के बीच इस मसले पर जितना संभव हो सका, टालमटोल किया गया।

अब अगर पुलिस मानती है कि शाहजहां को गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद थे, तो इसके लिए पहले ही ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए? राज्य में विपक्षी दलों की ओर से सवाल उठाने के अलावा हालत यह हो गई कि वहां के राज्यपाल ने शाहजहां शेख की गिरफ्तारी के लिए बहत्तर घंटे की समय-सीमा दे दी थी। इसके साथ ही कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी इस मसले पर तीखे सवाल उठाए थे। गिरफ्तारी के बाद तृणमूल कांग्रेस ने शाहजहां को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित करने की घोषणा की।

हालांकि पुलिस के मुताबिक फिलहाल उसे संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की टीम पर हमले से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया गया है, मगर अब तक जैसी खबरें आई हैं, उससे साफ है कि वह एक व्यापक अपराध तंत्र का हिस्सा था, जिसके कई पीड़ित थे! गौरतलब है कि पांच जनवरी को राशन घोटाला मामले में ईडी ने शाहजहां के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसी दौरान उसके समर्थकों ने ईडी अधिकारियों की टीम पर हमला कर दिया था, जिसमें संलिप्तता के आरोप लगने के बाद से वह फरार हो गया था। इस मामले के अलावा संदेशखाली में शाहजहां शेख जिस तरह की अवैध गतिविधियों में लगा था, वह पहले ही उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए पर्याप्त था।

दरअसल, वहां स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां और उसके समर्थकों पर यौन शोषण और जमीन पर कब्जा करने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। इस समूचे मामले के संदर्भ में पिछले कुछ समय के दौरान राज्यपाल, राष्टीय अनुसूचित जनजाति आयोग और तथ्यान्वेषण दल ने भी तनावग्रस्त इलाके का दौरा किया था। मगर राज्य की पुलिस को समय पर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना जरूरी नहीं लगा। क्या ऐसा इसलिए था कि शाहजहां शेख तृणमूल कांग्रेस का एक कद्दावर नेता है और राज्य में इस पार्टी की सरकार है?

अब उसकी गिरफ्तारी के बाद निलंबित करने के संदर्भ में तृणमूल की ओर से कहा जा रहा है कि पार्टी जो कहती है, वह करती है। हालांकि इस मामले में जिस स्तर तक शिथिलता बरती गई, उससे यही लगता है कि जब मामले पर पर्दा डालना संभव नहीं रहा, तब तृणमूल कांग्रेस एक तरह से अपना चेहरा बचाने की कोशिश कर रही है। अब तक जितने भी ब्योरे सामने आ सके हैं, उससे साफ है कि शाहजहां शेख ने किस-किस स्तर पर जाकर कानून को धता बताया था। जो तृणमूल कांग्रेस दूसरी पार्टियों पर भ्रष्टाचार, अराजकता या अन्य मामलों में अंगुली उठाती रहती है, राज्य में सरकार होने और शाहजहां शेख पर लगे ठोस आरोपों के बावजूद उसकी गिरफ्तारी को लेकर टालमटोल ही करती रही। यों पश्चिम बंगाल में इस तरह की प्रवृत्ति और रवैया कोई चौंकाने वात नहीं है।

विडंबना यह है कि गंभीर अपराधों में नेताओं के लिप्त होने की अनदेखी तब तक की जाती है, जब तक मामला व्यापक पैमाने पर तूल न पकड़ ले या अदालतों की ओर से आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दखल न दिया जाए।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 82- स्वयंवर का अवसर और सीता जी के प्रति प्रजा के मन में अतिशय प्रेम

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



स्वयंवर स्थल में श्री राम और सीता जी को देखने के बाद तो अन्य राज्यों को स्वयंवर में सम्मिलित होने के विषय में सोचना ही नहीं चाहिए था और वे केवल इस आयोजन का साक्षी बनकर ही संतोष कर लेते,लेकिन उनका अहंकार इसमें आड़े आ गया।अहंकार हमारे नेत्रों का वह अदृश्य पर्दा है,जो आंखें खुली होने के बाद भी हमें यथार्थ को देखने से वंचित कर देता है।मनुष्य के मन को कुतर्क देकर वास्तविकता को स्वीकार करने से रोक देता है।

जनकनंदिनी सीता जी ने आयोजन स्थल में प्रवेश करते हुए कई धनुष की दूरी से ही शिव धनुष को प्रणाम किया।उन्होंने हाथ जोड़कर महाराज दशरथ, शतानंद जी,अन्य साधु संतों और वरिष्ठजन का दूर से ही अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने प्रणाम मुद्रा में मिथिला की अपनी प्रजा का अभिनंदन किया।

प्रजाजन ने हर्ष ध्वनि की।

महाराज की जय हो।

महारानी की जय हो।

राजकुमारी सीता की जय हो।

प्रजा हितैषी सीता की जय हो।

महाराज जनक ने दोनों हाथ उठाकर प्रजा का अभिवादन स्वीकार किया और रंगभूमि के मध्य स्थान में पहुंच चुकी सीता ने भी प्रजा के अभिवादन का अत्यंत विनम्रतापूर्वक मुस्कुराते हुए अपने दोनों हाथ जोड़कर तथा इसके बाद अपना दाहिना हाथ उठाकर प्रत्युत्तर दिया।

जनकनंदिनी सीता जी के प्रति प्रजा के मन में अगाध प्रेम है।वे प्रजा के हर सुख- दुख की सहभागिनी हैं। हर्ष ध्वनि लगातार जारी थी और सीता जी ने पुनः पहले अपने हाथ जोड़े और फिर दोनों हाथ उठाकर उनसे अपने जयघोष को विराम देने का अनुरोध किया।प्रजा शांत हो गई।

उपस्थित अतिथियों एवं राजाओं ने प्रजा के ऊपर सीता जी का प्रभाव प्रत्यक्ष देख लिया। पिता को पुनः प्रणाम कर वे राज परिवार की नारियों के लिए निर्धारित स्थान में पहुंचीं। बहनों ने आगे बढ़कर स्वागत करते हुए सीता जी को अपने गले से लगाया। सीता जी ने अपनी माता के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया और अपने स्थान में विराजमान हो गईं।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से,मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### नींद नहीं आँखों मे जाने कैसे सोता हूँ

जब जब अँधेरी रातो मे अकेले होता हूँ
सारे गम के फसाने अपने सर ढोता हूँ
जाने किन ख्यालों मे खुद ही खोता हूँ
नींद नहीं आँखों मे जाने कैसे सोता हूँ
बिखर गये है अब सारे रिश्तों की डोर
कहीं भी नहीं है अब इसकी ओर छोर
तन्हाई मे खुद सीने मे नस्तर चुभोता हूँ
नींद नहीं आँखों मे जाने कैसे सोता हूँ
कब्र सा बन गया है घर जो मकान था
पतझड़ हो गया जीवन जो गुलजार था
बेजान हो गया किसी का नहीं होता हूँ
नींद नहीं आँखों मे जाने कैसे सोता हूँ
सुकून ना ही कोई जुस्तजू ही जग से
ख्यालो में भी कोई दुआ नहीं रब से
जाने किस तरह यह जीवन जीता हूँ
नींद नहीं आँखों मे जाने कैसे सोता हूँ
सफलता का तब से दुश्मन है जमाना
अब कोई और ढूंढना पड़ेगा ठिकाना
जहाँ जाऊ वही पर सुख चैन खोता हूँ
नींद नहीं आँखों मे जाने कैसे सोता हूँ



प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी
छ.ग. 9907126431

## लघुकथा

# इम्युनिटी बूस्ट करने के लिए बेहद जरूरी है जिंक




सेहतमंद रहने के लिए शरीर में सभी पोषक तत्वों का होना बेहद जरूरी है। ये सभी पोषत तत्व हमारे शरीर में कई अहम कार्य करते हैं। जिंक इन्हीं जरूरी सप्लीमेंट्स में से एक है, जो इम्युनिटी बूस्ट करने में मदद करता है। इसके सेवन से आपकी इम्युनिटी को काफी हद तक मजबूत किया जा सकता है। कम ही सही लेकिन रोजाना इसका सेवन स्वस्थ शरीर के लिए बहुत जरूरी है। ये स्किन, बालों और आंखों के स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाने में मदद करता है। प्रेग्नेंसी में, घाव भरने के लिए, बच्चों के विकास और युवाओं में जरूरी पोषण के लिए जिंक का डेली डाइट में शामिल होना जरूरी है। अगर समय रहते इसकी कमी को पूरा नहीं किया गया, तो स्वास्थ्य संबंधित गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसका नियमित मात्रा में सेवन आपको जिंक की कभी कमी नहीं होने देता। ऐसे में आज इस आर्टिकल में जानेंगे जिंक से भरपूर कुछ ऐसे फूड्स, जो आपके शरीर में कभी जिंक की कमी नहीं होने देंगे।बैरीज बैरीज में काफी मात्रा में जिंक पाया जाता है, जो हमारे शरीर में कभी जिंक की कमी नहीं होने देते। ऐसे में आप जिंक की पूर्ति के लिए ब्लूबेरी, रास्पबेरी को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**चना**

चना जिंक का बेहतरीन सोर्स है। सफेद चने में ज्यादा जिंक होता है, इसलिए इसका सेवन ज्यादा सेहतमंद होता है।

**नट्स और सीड्स**

ड्राई फ्रुट्स जैसे काजू, किशमिश, बादाम, अखरोट, कद्दू के बीच, सूरजमुखी के बीच और तिल में भरपूर मात्रा में जिंक पाया जाता है। आप इनको भी अपनी डेली डाइट में शामिल कर जिंक की कमी दूर कर सकते हैं।

**तरबूज के बीज**

तरबूज का बीज जिंक का अच्छा स्त्रोत है। जिंक के अलावा इसमें पोटेशियम और कॉपर होता है, जो कि हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। इसलिए इसका हफ्ते में दो से तीन बार चम्मच सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है।

**अंडा :** अंडा कई तरीकों से सेहत के लिए फायदेमंद होता है। प्रोटीन के साथ-साथ इसे खाने से शरीर में जिंक की कमी को भी दूर किया जा सकता है। एक अंडे में लगभग 5 प्रतिशत जिंक होता है।

दही


दही में मौजूद बैक्टीरिया आंतो की सफाई करता है और साथ ही साथ शरीर में जिंक की कमी को भी पूरा करता है। इसलिए इसे भी डेली रूटीन में जरूर शामिल करें।

## शब्द सामर्थ्य -350

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 349 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | श्र |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

## सू- दोकू क्र.350

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.349 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग मिलेगा। खासकर कि आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये काम को शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। इस बात को लेकर आप अपने परिवार में भी बात करेंगे।

**वृषभ**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको वह मिलेगा जिसकी इच्छा आपको कई दिनों से थी। आज आपका कोई बिगड़ता हुआ काम बन जाने से काम में निरंतरता बनी रहेगी, इससे आपको भविष्य में अच्छे लाभ के योग हैं। आज आप माता-पिता के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे।

**मिथुन**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज के दिन आप किसी की सेवा करके पुण्य कमाएंगे। आज आपका दिन व्यस्तता से भरा हो सकता है। लेकिन शाम का समय आप शांति से बिताने के लिए किसी शांत जगह पर जायेंगे। आज किसी व्यक्ति से लिया उधार आप चुका देंगे जिससे आपकी टेंशन कम होगी।

**कर्क**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे उसे समय से पूरा कर लेंगे। आपके जूनियर आपकी कार्यकुशलता से कुछ नया सीखेंगे। स्टूडेंट का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। इस राशि के जो लोग बिजनेस स्टार्ट करना चाहते हैं, वो पहले किसी एक्सपर्ट से राय लेंगे तो भविष्य में अच्छा लाभ होगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आज आप कुछ नया सामान खरीदने मार्केट जा सकते हैं। आज आपका मन किसी नए काम को करने को लेकर उत्साहित रहेगा। किसी भी काम को करने से पहले रूप रेखा तैयार करने से कार्यों को पूरा करने में आपको काफी आसानी होगी। आपकी तारीफ होगी।

**कन्या**
आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज शाम आप माता-पिता के साथ बैठकर भविष्य की कोई योजना बनायेंगे। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा हो जायेगा। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार अपने सहयोगियों के साथ करेंगे। पिताजी आपको कोई महत्वपूर्ण काम करने को कहेंगे।

**तुला**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी से भी सहायता की उम्मीद ना रखकर खुद ही अपने काम निपटाने की कोशिश करेंगे। इससे आपको बेहतर नतीजे हासिल होंगे। आपकी बेहतरीन विचार शैली और दिनचर्या आपके व्यक्तित्व में और अधिक निखार लाएगी। किसी एक्सपर्ट से सलाह जरूए ले लें।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में चल रहा कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है, अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में परिवार वालों की मदद भी मिलेगी।

**धनु**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके मिल सकते हैं। नए विचार आपके सामने आते रहेंगे। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपनी जिम्मेदारी पर रखें। हर काम जोश से पूरा करने की कोशिश करें।

**मकर**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका मन कोई नया काम करने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज ऑफिस में पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगे। आज रुठे हुए साथी को मनाने के लिए उसे मनपसंद गिफ्ट दे सकते हैं। आज कोई भी फैसला करने से पहले सोचङ्कविचार कर लें। किसी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए।

**मीन**
आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप जिस भी व्यक्ति से मिलेंगे वह आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जायेगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा।

# अवैध ईंट भट्ठों की क्षेत्र में भरमार



**0 ईंट पकाने के लिए झोंक दिए जाते हैं हरे-भरे वृक्ष**
**0 कार्रवाई के नाम पर हो रही खानापूर्ति**
**0 लाल ईंट का भण्डार, क्षेत्र में मचा है हाहाकार**

छुईखदान (दावा)। लगभग दो लाख की आबादी वाले इस विकासखंड में दिन प्रतिदिन नए पक्के मकानों का निर्माण हो रहे है, जिसे बनाने के लिए पांच से दस हजार ईंट जरूरत पड़ रहा है। ढलाई एस तथा शासन द्वारा अनुमति प्राप्त वैध ईंट भट्ठों की तादाद सीमित है, जिनके पास निर्मित ईट और बिक्रित इंट आदि का रसीद होते हैं इसके बावजूद पूरे क्षेत्र को निजी घर और शासकीय भवन आदि के लिए इतनी बड़ी तादाद में इंट कहां से आते हैं यह जांच का विषय है। इस क्षेत्र के प्रमुख प्रशासनिक कार्यालय जैसे तहसील एवं जनपद कार्यालय सहित उन लोगों के लिए यक्ष प्रश्न बना हुआ है जो ईमानदारी से नियमों का पालन करते हुए इंटों का निर्माण और विक्रय करते हैं, परन्तु ऐसे अवैध ईट निर्माण एवं निर्माताओं के खिलाफ कार्यवाही की उम्मीद कुछ ईमानदार लोगों को उस समय झटका लगता है जब प्रशासन की ओर से मुख्यालय से मात्र तीन पाँच से सात दस किमी की दूरी पर स्थित ऐसे भट्ठों पर कार्यवाही नहीं हो पाती?

ज्ञात हो कि पूरे ब्लॉक में अवैध ईट भट्ठों पर आज तक कार्यवाही नहीं हुई है, जिसके चलते कुछ रसूखदार निर्माताओं के हौसले बुलंद हैं। आलम यह है कि इस क्षेत्र में शासकीय अनुमति प्राप्त इंट भट्ठे नहीं है। सवाल यह है कि शासकीय भवनों, स्कूलों, शौचालयों सहित अन्य कार्यों में अवैध ईंट कैसे खप रहा है। अंचल में वृक्षों की अवैध कटाई के कारण क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन तेजी से गिर रहा है, इसका साफ उदाहरण यह है कि गत दस वर्षों से इस क्षेत्र में साल दर साल बारिश कम हो रही है। यह एक अंदाज नहीं शासकीय आंकड़ा भी कह रहा है। इसे लेकर क्षेत्र के किसान, मजदूर और व्यापारी चिंतित है। लोगों का कहना है कि यही हाल रहा तो आने वाले समय में यह क्षेत्र पूरी तरह से सूखाग्रस्त हो जाएगा, जिसके जवाबदार वह लोग तो होंगे ही जो अवैध ईट भठ्ठे जो इस निर्माण में संलग्न है, साथ ही वह भी जो कृत्य को देखने के बाद भी आख मूंदकर खेल देख रहें हैं।

### वन विभाग का कार्यवाही से चुप्पी

वैसे तो यह क्षेत्र कीमती लकडियों के लिए पुरे देश में मशहूर रहा है इसका मतलब यह नहीं की इस क्षेत्र में अन्य जंगल नहीं है इस मामले में वन विभाग की भूमिका में सवाल खड़े होने लगे हैं। जब कभी भी वन विभाग के सामने वृक्षों की अवैध कटाई का मामला आता है तो वह केवल जंगल वृक्षों के प्रति ही अपनी जवाबदारी होने के प्रति गंभीर हो जाता है, जबकि हरे वृक्ष चाहे किसी का हो धड़ल्ले से चल रहें अवैध ईंट भट्ठो में खप रहे है इसके लिए कार्यवाही क्यों न हो?

### दो सौ के आसपास होंगे अवैध ईंट भट्टों का जखीरा

107 ग्राम पंचायत और दो नगर पंचायत वाला यह विकासखंड में हजारों की तादात में प्रधानमंत्री आवास निर्माणाधीन है जिसमें एक जानकारी के मुताबिक पूरे क्षेत्र में लगभग दो से तीन सौ अवैध ईट भट्ठों का संचालन होना बताया जा रहा है, जहां से लगभग एक लाख ईट प्रति भट्ठा निर्माण एवं विक्रय किये जाने की चर्चा है। जिनकी शिनाख्त कर कार्यवाही अपेक्षित है। प्रशासन को इसके तह तक पहुंचने के लिए ठोस कदम उठाते हुए निर्माताओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने का प्रावधान रखना होगा।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में चल रहे शौचालय और आवास निर्माण में इन भटठों के ईंट खपा दिए गए हैं, जबकि नियमानुसार चिमनी ईट या फ्लाई एस ईंट का उपयोग किया जाना था, लेकिन जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत और कर्मचारियों की कमीशनखोरी के चलते सब कुछ अवैध खप गया। जानकारी के मुताबिक अवैध ईट भटठों में बड़ी संख्या में बबूल, इमली, शिरिश, बिरहा, नीम, बेर आदि के हरे भरे वृक्षों की कटाई कर इंट पकाने के लिए झोंक दिया जाता है। लकड़ी खपाने का यह खेल दस से पंद्रह वर्षों से चल रहा है। एक अनुमान के मुताबिक अब तक इन ईंट भट्टों में दो लाख हरे-भरे वृक्षों को अवैध ईट के निर्माताओं ने खाक कर दिया गया होगा। जिसके लिए कहीं भी हो उसको काटने के लिए भी नियम होना चाहिए और उपयोगिता के आधार पर काटने की अनुमति देने का प्रावधान होना चाहिए। देखा जा रहा है कि ऐसे इंट निर्माताओं द्वारा वन विभाग के कार्यालय के सामने दर्शित वृक्षों की कटाई कर ट्रैक्टर आदि से भटठों तक पहुंचाया जाता है। वन विभाग अपनी भूमिका को व्यापक रखे तो ग्रामीण क्षेत्रों की हरियाली बचाया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि छिंदारी, देवरचा बूढानभाठ भुलाटोला हाटबजार, बिरुटोला खुडमुड़ी कानीमेरा, कोहलाटोला, साखा, कोर्राय झुरानदी, पैलीमेटा, ठाकुरटोला, सल्हेवारा गंडई सहित अन्य क्षेत्र में लगभग 200 के आसपास अवैध ईंट भट्टे संचालित हो रहे हैं जहां जंगल से लकड़ी लाकर खपाया जा रहा है। सूत्रों से पता चला है कि वन समिति वाले भी इस कार्य में मददगार बने हुए हैं? अवैध ईट निर्माण के खिलाफ पटवारी, कोटवार, सचिव, सरपंचों को एक युनिट बनाकर अवैध ईट निर्माण के खिलाफ कार्यवाही तय किए जाने से पर्यावारण को बर्बाद होने से बचाया जा सकता है।

### अन्य प्रदेश से आकर कर रहे निर्माण

वैसे तो इस क्षेत्र में अवैध ईंट बनाकर बेचने वालो की कमी नहीं है लेकिन कुछ वर्षो से यह भी देखा गया है जिसमें अन्य प्रदेश (मध्यप्रदेश) रीवा मंडला आदि स्थानों से आकर जमीन किराये पर लेकर ईंट का निर्माण कर भट्ठे संचालित किये जा रहें है। जिसे लेकर ग्रामीण क्षेत्र में विरोध का माहौल बनने लगा है। जिसे लेकर ग्रामीण चिंतित दिख रहें है।

### क्षेत्रवासियो ने की कार्यवाही की मांग

अवैध रूप से चलाये जा रहें ईंट भटठों के ऊपर कार्यवाही की मांग को लेकर ग्रामीणजन एक होने लगे है, ग्रामीणों ने एक स्वर में अवैध ईंट भटठों के ऊपर कार्यवाही किये जाने की माँग किये है, जिसे लेकर आने वाले दिनों में उच्च अधिकारियों तक शिकायत किये जाने की तैयारीयां चल रही है।

## पहला कॉलम...

### जिला खैरागढ़-छुईखदान, गंडई से दो विभूतियों को राज्य अलंकरण




घुमका (दावा)। भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रति वर्ष सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभूतियों को राज्य अलंकरण अवार्ड की मानद उपाधि दी जाती है। इसी तारतम्य में 25 फरवरी 2024 को जिला खैरागढ़ छुईखदान, गंडई से सतीश टांडेकर को रविदास समता सम्मान तथा डॉ प्रशांत चौरे को मौलाना आजाद शिक्षा रत्न अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें पांडादाह में निशुल्क शिक्षण प्रशिक्षण एवं रोजगार परामर्श केंद्र का संचालन करने हेतू प्रदान किया गया है ।अब तक इस केंद्र के माध्यम से लगभग 15 शिक्षित बेरोजगार आगरा से प्रशिक्षित हो चुके हैं वहीं विद्यार्थी निःशुल्क शिक्षण भी पा रहे हैं। गत वर्ष इस प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन पूर्व विधायक श्री भुवनेश्वर बघेल जी के द्वारा की गई थी, जिसकी जन सामान्य में खूब प्रशंसा की गई थी।

### शहर में निकली संत रविदास की शोभायात्रा

डोंगरगढ़ (दावा)। सामाजिक समरसता एवं भाईचारे के संदेश के साथ संत शिरोमणी रविदास की जयंती पर सामाजिक बंधुओं ने पूजा-अर्चना के साथ एवं शोभायात्रा निकालकर उक्त संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। शहर के वार्ड नं.21 से संत शिरोमणि रविदास के अनुयायियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में शामिल हुए। डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने विधिवत बाबा की पूजा-अर्चना की।सामाजिक लोगों ने बाबाजी की मंदिर से शोभायात्रा निकालकर शहर भ्रमण कराया। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री संतु राव अन्ना, शिवा यादव, बाबा मालेकर, शैलेष मालेकर, त्रिलोक मालेकर, कोमल मालेकर, तारेश चौरे, संजय हटिले, अजय हटिले, राजु मालेकर, मकसूदन हटिले, सुरेश चौरे, मखरूम हटिले, जितेन्द्र मालेकर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर्व पर महाकाल यात्रा का द्वितीय वर्ष रहेगा भव्य



डोंगरगढ़(दावा)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री महाकाल भक्त समिति के नेतृत्व में द्वितीय वर्ष महाकाल भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। यह शोभायात्रा 8 मार्च को तरण पिप्लेश्वर महादेव मंदिर से कचहरी चौक, बस स्टैंड, सब्ज़ी मंडी, हनुमान चौक, जयस्तम्भ चौक, खंडू पारा, रेल्वे चौक, बुधवारी पारा, गोल बाज़ार, भगत सिंह चौक, होते हुए तरण पिपलेश्वर महादेव मंदिर में समापन होगा।

इस यात्रा में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के शिव भक्त अघोरियों की टीम आकर्षण का केंद्र रहेगी। 10 फीट के नंदी महाराज के साथ अघोरियों की टीम अपना करतब दिखाएंगी। अघोरियों द्वारा आकर्षक मनमोहक झाकी प्रस्तुत की जाएगी। डीजे, बाजे-गाजे के साथ भोले बाबा की बारात निकाली जाएगी। समिति के सदस्य कुश मालेकर ने भोले की बारात कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### एसपी ने किया यातायात शाखा एवं महिला सेल का शुभारंभ



**यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने चलाया जाएगा विशेष अभियान**

खैरागढ़ (दावा)। यातायात शाखा व महिला सेल का पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) जिला खैरागढ-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) द्वारा जिले की यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित करने नवीन यातायात शाखा एवं महिला संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने महिला सेल का शुभारंभ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय, जिला के समस्त थाना प्रभारीगण एवं पत्रकार बंधुगण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा यातायात एवं महिला सेल भवन के लिए पुराना थाना भवन का जीर्णोधार कर यातायात एवं महिला सेल का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। यातायात थाना की जवाबदारी निरीक्षक शक्ति सिंह एवं महिला सेल प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी प्रतिभा लहरे को सौंपा गया है।

## किसानो ने मांगा एकमुश्त बोनस, ट्रेक्टर मार्च कर तहसील कार्यालय घेरा



घुमका (दावा)। घुमका बाजार चौक से आज किसानों द्वारा घुमका ब्लॉक संघर्ष समिति के बैनर तले तहसील कार्यालय तक धान के बोनस 3100 रु. एकमुश्त प्राप्त नहीं होने पर प्रदर्शन कर आक्रोश जताया गया। घुमका ब्लॉक भर से किसानों ने अपनी उपस्थिति दी, समिति के अध्यक्ष रमाकांत साहू, कार्यकारी अध्यक्ष पीयूष दुबे, उपाध्यक्ष राजेश शान, नेमदास साहू, देवेंद्र पाल, महेश कुर्रे के संयुक्त नेतृत्व में ट्रेक्टर मार्च निकालकर बाजार चौक, महाराणा प्रताप चौक,चंडी चौक होकर प्रदर्शनकारी तहसील कार्यालय पहुँचे जहाँ पर उन्होंने एस डी एम अरुण वर्मा को मुख्यमंत्री के नाम छत्तीसगढ़ के किसानों को बोनस जल्द से जल्द प्रदान करने की मांग रखते हुए ज्ञापन सौपा। आक्रोशित किसानों द्वारा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। संघर्स समिति के अध्यक्ष रमाकांत साहू व पीयूष दुबे ने संयुक्त बयान में कहा कि प्रदेश की भाजपा की सरकार जुमलो की सरकार है सरकार को कुर्सी पर बैठे लगभग 3 महीने हो चुके हैं व धान खरीदी बन्द हुए 1 माह भी बीत चुका है किन्तु अपने चुनावी घोषणा पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित 3100 रु. धान बोनस एकमुश्त देने के वायदे पूरा नही कर पाई है जिससे किसानों को सड़कपर उतरकर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अतः किसान भाइयो को शेष राशि बतौर बोनस जल्द दिया जाए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रही। ट्रेक्टर मार्च तहसील घेराव के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक व पूर्व अनुसूचित जाति प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल, चन्द्रेश वर्मा, जयकुमार वर्मा, सौरभ वैष्णव, ओमप्रकाश साहू, मन्थिर साहू, राकेश वर्मा, खेमचन्द पप्पू वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, दिनेश पुराणिक, टुमलाल वर्मा, कमल बंजारे, गीतालाल वर्मा, ललित चांदत्तारे, गिरीश साहू, बारले, संदीप वर्मा,बिरसिंग वर्मा, शीतल निषाद, शिवानन्द यादव, अमित राजपूत, सत्यम साहू, माहरा पाटिला, रूपेश कुमार वर्मा,रघुवीर साहू, महेस कुमार ध्रुव, पुनेश साहू, चुन्नी साहू,हेमन्त, ईश्वर लाल, उग्रसेन, ओमप्रकाश खिलाड़ी, विजय सिंह राजपूत, खेमन साहू,रघुवीर साहू,ओमकार वर्मा, मुकेश वर्मा,सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

## शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर व्याख्यान एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव में दिनांक 26, 27 व 28 फरवरी को प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में छ.ग. विज्ञान व प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर (सी-कोस्ट) राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसट), भारत सरकार के द्वारा उत्प्रेरित एवं प्रायोजित, रसायन विभाग व गणित विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान क्लब के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर व्याख्यान एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दिनांक 26 फरवरी को मुख्य अतिथि डॉ.राजेश पाडें क्षेत्रीय अपर संचालक, दुर्ग संभाग ने 'विकसित भारत के लिये स्वदेशी तकनीक' बहुत समसामयिक विषय रखने पर प्रशंसा करते हुए बधाई दी व कहा कि देश हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा हैं। अपना परचम लहरा रहा है। अग्नि मिसाइल, आकाश, नाग एवं त्रिशूल मिसाइले, वंदे भारत ट्रेन, स्मार्टफोन, कोरोना टीका स्वदेश की ही देन है। हमें अपने देश पर गर्व होना चाहिए। तत्पश्चात् प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने व अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये हर वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता हैं। स्वदेशी अपनाकर विकसित भारत की ओर कदम बढ़ाना हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक मिश्रा प्राचार्य शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में देश के लिये नोबेल पुरस्कर विजेता डॉ. सी.वी.रमन के विज्ञान के क्षेत्र में रमन प्रभाव की खोज एवं उनके योगदान के लिये यह राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। प्रथम दिवस में विषय विशेषज्ञों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से विषय से संबंधित जानकारी दी। रसायन विज्ञान में डॉ. रंगनाथ रवी सहा. प्राध्यापक, शिवाजी महाविद्यालय दिल्ली, डॉ. सुमीत श्रीवास्तव सहा. प्राध्यापक, स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय, नारायणपुर, डॉ. विवेक कुमार झा सहा. प्राध्यापक, शासकीय आर.आर.एम. पीजी कॉलेज सूरजपुर, डॉ. अश्विनी शर्मा सहा. प्राध्यापक, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की सहभागिता रही। गणितीय विज्ञान में डॉ. कविता साकुरे सहा. प्राध्यापक, शा. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, डॉ. सी.के. साहू सहा. प्राध्यापक, शा. डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव, ओमप्रकाश देवांगन सहा. प्राध्यापक इंदिरा गांधी शा. महाविद्यालय पंडरिया (कबीरधाम) ने संबंधित विषयों पर जानकारी दी।

## जिला भाजपा किसान मोर्चा के कार्यसमिति की बैठक संपन्न




डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के निर्देश पर एवं जिला भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शन में आगामी 9 मई प्रदेश स्तरीय किसान सम्मेलन के आयोजन कार्यक्रम को देखते हुए जिला किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की बैठक संपन्न हुई।

**किसान सम्मेलन में शामिल होंगे रक्षा मंत्री राजनाथ**

बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित होकर लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने अपना मार्गदर्शन देते हुए किसान सभा को संबोधित करने हेतु रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित होने की बात कही।रक्षा मंत्री श्री सिंह के आगमन पर किसान अधिक से अधिक संख्या जूटे इस हेतु श्री पांडे ने उपयुक्त निर्देश दिए। बैठक को प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव एवं प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा द्वारा भी संबोधित किया गया। वक्ताओं द्वारा किसान सभा में अधिक से अधिक संख्या में किसानों की उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मार्गदर्शित किया गया।

गांव परिक्रमा अभियान की शुरुआत करने के निर्देश

जिला भाजपा किसान मोर्चा के प्रभारी कैलाश शर्मा एवं सह प्रभारी सशिर शर्मा ने जिला किसान मोर्चा को 1 मार्च से 10 मार्च के भीतर गांव परिक्रमा अभियान की शुरुआत करने के निर्देश दिए। प्रदेश किसान मोर्चा के निर्देश अनुसार किसान मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र के गांव में गांव परिक्रमा कर समस्त किसान योजनाओं एवं मोदी सरकार तथा प्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही किसान हितकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हेतु मार्गदर्शित किया एवं अधिक से अधिक किसानों को गांव परिक्रमा अभियान से जुड़ने को प्रेरित करने के लिए कहा है। कार्यक्रम जानकारी देते हुवे समस्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं मंडल के अध्यक्षों को अपने मंडल में बैठक कर कार्य योजना बनाने हेतु उपयुक्त दिशा निर्देश दिए।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडे उपस्थित हुए। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सांसद प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव एवं प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिले के अध्यक्ष रमेश पटेल एवं जिला महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, दिनेश गांधी जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेंद्र साहू, विवेक साहू, पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष शिव वर्मा किसान मोर्चा महामंत्री घासी साहू, दादूराम सोनकर, उपाध्यक्ष अशोक देवांगन, गिरवर साहू, विजेंद्र सिंह ठाकुर, मनीष कुमार सोनी, जिला मंत्री हीरेन्द्र साहू, उपकार साहू, चुनेश्वर साहू, चेतन साहू, महेश साहू, दसों मंडल के मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह ने किया लाभार्थी सम्पर्क अभियान का प्रारंभ



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में लागू हुई योजनाओं के लाभार्थियों से सम्पर्क कर केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में प्रतिक्रिया लेने भाजपा के लाभार्थी सम्पर्क अभियान के अंतर्गत मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बुथ क्रमांक 05 में पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह ने लाभार्थियों से सम्पर्क कर केंद्र सरकार के प्रति उनकी प्रतिक्रिया ली जिसमें ग्रामीण जनता एवं योजनाओं के लाभार्थियों ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं सराहना की व उनको हुए लाभ के बारे में बताया। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अम्बागढ़ चौकी अध्यक्ष सतीष शर्मा, ईश्वर कुंजाम बुथ अध्यक्ष, वीरेंद्र कुजांम ग्राम पटेल, शिवशंकर जात्रे सरपंच, रामसिंह, उत्तम गोस्वामी, गैलेश गोस्वामी, छबीलाल, रूपसिंग उसेंडी, सुखेंन्द चंद्रवंशी, गणपत सहारे, आयुब खान उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले में अवैध गांजा, शराब, जुआ, सट्टा-पट्टी के खिलाफ हुई कार्यवाही





गंडई-पंडरिया (दावा)। पुलिस अधीक्षक खैरागढ़ छुईखदान गंडई(छ.ग.) त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) के द्वारा जिले में गांजा शराब जुआ सट्टापट्टी लिखने वाले के ऊपर अभियान के तहत कार्यवाही करने के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पाण्डे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी छुईखदान लालचंद मोहले के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गेन्दले के नेतृत्व में थाना छुईखदान पुलिस टीम के द्वारा मुखबीर सूचना के आधार पर ग्राम बोराई पहुंचकर मुखबीर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर तस्दीक किया जो एक व्यक्ति मिला जिसे नाम पता पुछने पर अपना नाम विक्रम साहू पिता स्व. रिखिराम साहू उम्र 55 साल निवासी बोराई का बताये जिसे तलाशी हेतु सहमति लिया गया जो स्वयं की तलाशी एवं मकान की तलाशी की सहमति देने पर तलाशी लिया गया जिनके एक प्लास्टिक के सफेद बोरी में कुछ सामान भरा हुआ मिला जिसे खोलकर देखा गया जिसमें मादक पदार्थ गांजा का होना पाया गया जिसे आरोपी विक्रम साहू के कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम गांजा किमती 12000 रूपये जप्त किया गया। आरोपी से जप्त गांजा लाने के संबंध में कडाई से पूछताछ करने पर ग्राम भीमपुरी के आकाश वर्मा के द्वारा लाकर देना बताया जिसे ग्राम भीमपुरी पहुचकर घेरा बंदीकर संदेही आकाश वर्मा को पकड़ा गया। कडाई से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया दिनांक 28 फरवरी को आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 79/24 धारा 20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट कायम किया गया, आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### सट्टा खिलाने वाले के ऊपर कडी कार्यवाही

थाना छुईखदान टीम एवं सायबर टीम के साथ मुखबीर की सूचना पर ग्राम लक्ष्मणपुर पहुंचकर रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर आरोपी विक्की सोनी को अंकों के सामने रूपये पैसे का दाव लगाकर सट्टा पट्टी लिखते हुये रंगे हाथ पकडा गया। आरोपी के कब्जे से 04 नग सट्टा पट्टी रूपये पैसा लिखा हुआ 01 नग डाट पेन 01 नग रेडमी कम्पनी का मोबाईल एवं नगदी 40 रूपये मिला सट्टा पट्टी में लिखे रूपये के संबंध में आरोपी से पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया जो सट्टा पट्टी का नगदी रकम 69000 रूपये बैंक आफ बडौदा में स्वयं के खाता में जमा करना बताये। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 77/24 धारा 6 छ.ग. जुआ प्रतिषेद अधिनियम कायम कर आरोपी विक्की सोनी पिता अशोक सोनी उम्र 38 साल निवासी लक्ष्मणपुर छुईखदान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### जुआ खेलने वाले के ऊपर कडी कार्यवाही

थाना छुईखदान पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर ग्राम गुमानपुर जंगल पहुचकर घेराबंदी कर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे जुआडियान को पकडा गये जुआडियान अनिल जंघेल निवासी गुमानपुर, महेश दास, दद्दु सिन्हा, गोपाल के कब्जे एवं फड से जुमला रकम 4980 रूपये एवं 52 पत्ती तास तथा घटना स्थल से मोटर सायकल सी.जी. 08 जेड 9246 किमती 50000 कुल जुमला 54980 रूपये जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया कि अपराध क्रमांक 78/2024 धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 कायम किया गया। समस्त कार्यवाही में सउनि मुरली सिंह बघेल प्र. आर. नंदकुमार चन्द्रवंशी प्र. आर. गनपम नायक आर. उदय शंकर बरेठ आर. शिशुपाल साहू, आर. विनोद कुमार आर. अमित श्रीवास आर. प्रकाश सिदार म.आर. लक्ष्मी चंदेल एवं सायबर टीम सउनि टैलेश सिंह, आर. बरेठ का

# साहित्य वैभव सम्मान से सम्मानित हुए रोशन साहू

राजनांदगांव (दावा)। जय जोहार साहित्य संस्कृति संस्थान एवं वैभव प्रकाशन रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 25 फरवरी को आयोजित पुस्तक विमोचन और सम्मान समारोह का आयोजन वृंदावन हॉल सिविल लाईन रायपुर में हुआ। इस कार्यक्रम में 11 पुस्तकों का विमोचन व कलमकारों को स्मृति चिन्ह, प्रकाशित पुस्तक की प्रति, सम्मान पत्र, शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के साथ ही देश व विदेश में रह रहे भारतीय मूल के रचनाधर्मी गण भी आमंत्रित व उपस्थित थे।



उक्त कार्यक्रम में राजनांदगांव शहर से रोशन साहू मोखला को 'साहित्य वैभव सम्मान' से सम्मानित किया गया। रोशन साहू पेशे से शिक्षक हैं साथ ही रचनाधर्मी मानस व्याख्यान लोक संगीत सहित संजीदगी भरे मंच संचालन के लिए जाने जाते हैं। उल्लेखनीय है कि आज की खर्चीली शादी पर उनके द्वारा लिखी और सर्वाधिक सराही जाने वाली समसामयिक रचना 'असीस कोन दिही इंहा, सबो बफे मा भुलागे' कविता जिसकी पृष्ठभूमि विवाह है।

विवाह के अवसर पर पिता और पुत्री के बीच आंखों ही आंखों में कर्ज लेकर या पैतृक संपत्ति गिरवी रख या बेचकर की जा रही वैवाहिक खर्च जिससे पिता की आने वाली शेष जीवन की चिंता, किन्तु विवाह समारोह की बाह्य धमाचौकड़ी, बारात स्वागत, व्यवस्था, दहेज, भोजन की बर्बादी पर मूक संवाद वर्णन है 'बरतिया के गोड़ धोवई मा, ददा आज धोवागे। बिदा ले आघू परघौनी बाप बेटी ला रोवागे।' जैसी पंक्तियां झकझोर देती है। साथ ही पिता और पुत्री की अन्य मनोदशा का सजीव वर्णन से आँखें बरबस भर आती हैं इस कविता को जय जोहार, मया-मया अपार साझा काव्य संग्रह में वैभव प्रकाशन ने विशेष रूप से स्थान दिया है। रोशन साहू को इस अवसर पर जय जोहार संस्कृति संस्थान रायपुर व वैभव पब्लिकेशन द्वारा साहित्य वैभव सम्मान से सम्मानित किया गया।

# युगांतर किड्स में एफएलएन शिक्षा के क्षेत्र में गेम चेंजर साबित हो रहा है

राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में नर्सरी की कक्षाओं में एफ एल एन गेम चेंजर साबित हो रहा है। इस आशय की जानकारी नर्सरी की शिक्षिका ओजस्वी यादव ने दी है। उन्होंने एफएलएन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हमारी शिक्षिकाओं के अथक प्रयासों से युगांतर किड्स मे गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि एफ एल एन का अर्थ ही यह है कि बच्चों को वह योग्यता हासिल हो, जिससे वो पढ़ने, लिखने, बोलने तथा विषय की व्याख्या करने में समर्थ हो सके। इस दिशा में नर्सरी की कक्षाओं में विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



इसके अलावा बच्चे इन कक्षाओं में दिन-प्रतिदिन समस्याओं को हल करने के लिए मूलभूत संख्यात्मक विधियों और विश्लेषण का उपयोग करने की क्षमता को ग्रहण कर सके-इस दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इन कौशलो में आयु उपयुक्त पाठ को समझने तथा आयु उपयुक्त गणित को हल करने की क्षमता भी शामिल हैं। युगांतर एफ एन एल कौशल प्राप्त करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा हैं।

इसी संदर्भ में ओजस्वी यादव ने आगे बताया कि नर्सरी के विद्यार्थियों को एक्टिविटीज बेस लर्निंग कराई जा रही हैं। इससे उनका लर्निंग आउटकम बेहतर हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आगामी नए सत्र में सीबीएसई के पाठ्यक्रम अपनाते हुए इस प्रकिया को न्यू डिजीटल टच बोर्ड से और गति प्रदान की जाएगी। उन्होंने सीबीएसई के नए फ्रेम वर्क का उल्लेख किया। उन्होंने आगे बताया कि नए फ्रेम वर्क के जरिये बच्चों को नई दक्षता में निपुण करने के साथ-साथ उन्हें एक नया विजन और लर्निंग का नया तरीका प्रदान करने की भी योजना है। इस तरह के रचनात्मक आयोजन से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। यही नहीं हम लर्न बाइ फन के जरिये 360 डिग्री पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर ध्यान दे रहे हैं। संस्था के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने भी हर्ष प्रकट किया है।

# पीयूष साहू ने न्योता भोजन में फल व बिस्किट वितरण किया



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम अछोली के शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा अछोली में श्री सांई राईस मिल के संचालक पीयूष साहू के द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत 'न्योता भोजन' के रूप में अतिरिक्त भोजन फल एवं बिस्किट का स्नेहपूर्ण वितरण किया गया। इस दौरान शाला के प्रधान पाठक ललित कुमार साहू, सहायक शिक्षक नीरज सिंह एवं अर्चना टंडन तथा मध्यान्ह भोजन रसोईयां उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र सोमनी का भ्रमण

## कृषक संगोष्ठी में मक्के की खेती के लाभ के बारे में बताया

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी का भ्रमण किया। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान केन्द्र में संचालित डेयरी, बकरी पालन, मछली पालन, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, बीज प्रसंस्करण इकाई एवं रबी 2024 में बीजोत्पादन कार्यक्रम का विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल केन्द्र में आयोजित कृषि मेला सह कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए।

उन्होंने कृषकों को ग्रीष्मकालीन धान की फसल के स्थान पर मक्के की खेती से होने वाले लाभ के बारे में बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केन्द्र प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने संस्था में किए जा रहे क्रियाकलापों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान केन्द्र के वैज्ञानिक श्रीमती अंजली घृतलहरे, डॉ. अतुल डांगे, मनीष कुमार, श्रीमती सुरभि जैन, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास एवं फार्म मैनेजर आशीष गौरव शुक्ला, जितेन्द्र मेश्राम एवं अन्य कर्मचारी व बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

# नगर के शिक्षक का गीत छत्तीसगढ़ी फिल्म में

डोंगरगांव (दावा)। नगर के स्वनामधन्य साहित्यकार, मंच संचालक, रंगकर्मी एवं शिक्षक गजेन्द्र हरिहारनो दीप के द्वारा लिखा गया गीत ये छत्तीसगढ़ के माटी हे जो कि छत्तीसगढ़ राज्य के कला, संस्कृति को आत्मसात की हुई है। अब यह छत्तीसगढ़ी फिल्म भूख मया के में सम्मिलित किया गया है, यह फिल्म आगामी 15 मार्च को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। इस गीत का प्रोमो यूट्यूब में 14 फरवरी को किया गया, जिसे अभी तक लगभग 15 हजार व्यू प्राप्त हो गया है, गजेन्द्र हरिहारनो ने जानकारी दी है कि यह गीत 6 अंतरे का है, जिसमें से 3 अंतरे को इस फिल्म में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि श्री हरिहारनो ने इस गीत को आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित मोर भुंइया कार्यक्रम में प्रस्तुत किया है। श्री हरिहारनो को उनकी इस उपलब्धि के लिए साहित्यकारों, रंगकर्मियों, परिजनों, इष्ट मित्रों तथा शिक्षा जगत में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि उनके द्वारा लिखे गए कुछ और गीत आगामी फिल्मों में सम्मिलित किया जा रहा है।



# कोठीटोला में नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र को किया गया ऊर्जीकृत

छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा छुरिया सबडिवीजन के ग्राम कोठीटोला में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत 3 करोड़ 71 लाख रू. की लागत से नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र को राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम के करकमलो द्वारा ऊर्जीकृत किया गया।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता एस.के. शर्मा, कार्यपालन अभियंता एन.के. साहू, एस.के. चन्द्राकर, ए.डी. टण्डन, एस.के. जाटवार, सहायक अभियंता दिर्नेश चतुर्वेदी, अजय विश्वकर्मा, आर.पी. ठाकुर, राजेन्द्र साहू, रविकांत शर्मा एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। इस उपकेन्द्र में स्थापित 3.15 एम.व्ही.ए. के पॉवर ट्रांसफार्मर से निकलने वाले 11 के.व्ही. के तीनों फीडरों यथा कोठीटोला, टाटेकसा एवं सीतागोटा के माध्यम से 15 ग्रामों के 3200 कृषक एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा सुनिश्चित हो जायेगी।



**इसके क्रियाशील हो जाने से 15 ग्रामों के 3200 उपभोक्ताओं को मिलेगी उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी डोंगरगढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता एन.के. साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत नवनिर्मित इस उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. का नया पॉवर ट्रांसफार्मर, 16 कि.मी. 33 के.व्ही. एवं 11 कि.मी. 11 के.व्ही. की नई लाइन सृजित की गई है। छुरिया विकासखण्ड के कोठीटोला में नवनिर्मित इस 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र के क्रियाशील हो जाने से ग्राम कोठीटोला, कनेरी, खैरबना, टाटेकसा, नवागांव, शेरपार, सीतागोटा, मकरनपुर, कन्हारटोला, बोदालदण्ड, कारूटोला, गौटियाटोला, गजराजटोला, मांगीखुटा, एवं भालूकोना के लगभग 3200 उपभोक्ताओं को उच्च गुणावत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा मिलेगी।

# मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के लिए 25 मार्च तक पोर्टल उपलब्ध

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर से प्राप्त मेरिट सूची अनुसार मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन व सत्यापन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य छात्रवृत्ति जिला लॉगिन में आवेदनों को 25 मार्च शाम 5 बजे तक सत्यापन करने हेतु पोर्टल उपलब्ध कराया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा का रोल नंबर का उपयोग कर स्वयं पंजीयन कर आवश्यक प्रमाण पत्र ऑनलाईन स्थायी जाति व मूल निवासी के एआरएन का उपयोग कर पोर्टल में अपलोड कर सकते हैं।

कक्षा 12वीं की स्थिति में योजना की शर्तें के तहत महाविद्यालयीन संस्थान में अध्ययनरत होना आवश्यक है। पोर्टल पर उपलब्ध बोनाफाईड प्रमाण पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर संबंधित संस्था से प्रमाणित कर महाविद्यालय संस्था की फीस की रसीद के साथ पोर्टल पर अपलोड कर करेंगे तथा बैंक खातों की जानकारी भी दर्ज करेंगे।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

# कंट्रोल रूम में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए गठित विभिन्न टीमों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा की उपस्थित में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नाम निर्देश, सी विजिल, कंट्रोल रूम में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों प्रशिक्षण दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने नामांकन, उनकी जांच, नामांकन वापसी, प्रतीक आवंटन सहित अन्य प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर आशानंद मखीजा एवं सहायक प्रोग्रामर भूपेन्द्र सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों के नामांकन, उनकी जांच, नामांकन वापसी, प्रतीक आवंटन की प्रकिया एवं सावधानियां रखने की विस्तार से जानकारी दी गई।

# निगम के चार कर्मचारी हुये सेवानिवृत्त, आयुक्त की उपस्थिति में दी गई बिदाई

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में आयुक्त अभिषेक गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में पूर्व प्र.निगम सचिव व ठा. प्यारेलाल स्कूल में लिपिक के पद पर कार्यरत चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, राजस्व विभाग में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत प्रतापचंद बोरकर, जल प्रदाय विभाग में वॉलमेन के पद पर कार्यरत बाबूलाल साहू एवं स्वास्थ्य विभाग में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत श्रीमती कुमारी बाई को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गयी। आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदीकरण का चेक दिया गया।



कार्यक्रम में आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि हमारे चारों कर्मचारी अपना लंबा समय इस निकाय को देकर निष्ठापूर्वक कार्य किये और आज शासन नियम के तहत सेवानिवृत्त हो रहे है, लंबे समय तक काम करने से लगाव हो जाता है और आज के दिन जुदा होने पर दुख होता है। अब वे परिवार में समर्पित होकर अपना समय बितायेगे। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त पश्चात जो प्रक्रिया होगी उसे जल्द पूर्ण किया जायेगा, इसके अलावा जब भी आवश्यकता होगी निगम परिवार आपके साथ खडा रहेगा। मैं आप लोगों के आगे की अच्छे जीवन के लिये शुभकामनाएं देता हूॅं।

बिदाई समारोह का संचालन महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर पार्षद गगन आईच, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती, उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, सुश्री आयुषी सिंह, डागेश्वर कर्ष, तिलक राज ध्रुव व अनुप पाण्डे, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे, लेखापाल शैलेष पाण्डे व पंकज साहू सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सिकल सेल जांच महाअभियान

## जिले में 30690 नागरिकों की गई जांच

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में सिकलसेल एनीमिया जांच महाअभियान का आयोजन किया गया। महाअभियान में 30629 नागरिकों की सिकलसेल जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सभी मैदानी अमलों को महाअभियान हेतु लक्ष्य दिया गया था।

लक्ष्य के अनुरूप लगभग 30 हजार स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, किंतु निर्धारित लक्ष्य से अधिक 30629 नागरिकों की सिकल सेल की जांच की गई। जिसमें 1030 सॉल्युबिलिटी पॉजिटिव, 369 एएस एवं 15 रोगी मिले हैं। सभी रोगियों को परामर्श एवं बेहतर इलाज हेतु निर्धारित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,जिला अस्पताल में ईलाज एवं फॉलोअप के लिए रिफेर किया गया है। अभियान के बेहतर क्रियान्वयन एवं सफल संपादन हेतु सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

*पश्चिम बंगाल में बोले पीएम...*

नीतियां और फैसले सही हैं तथा इसका मुख्य कारण यह है कि हमारी मंशा सही है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमने हमेशा गरीबों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए कदम उठाए हैं, जिसका परिणाम आज दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा, 21वीं सदी का भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है और हमने 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। मोदी ने कहा कि भारत ने दुनिया को दिखाया है कि पर्यावरण अनुकूल तरीके से विकास कैसे किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की हल्दिया-बरौनी पाइपलाइन इसका एक उदाहरण है जो चार राज्यों-पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा के माध्यम से तीन रिफाइनरी तक पहुंचेगी. मोदी ने कहा, इससे लागत बचेगी और पर्यावरण संबंधी चिंताएं भी कम होंगी। प्रधानमंत्री ने इंडियन ऑयल की कच्चे तेल की लगभग 2,790 करोड़ रुपये की लागत से विकसित 518 किलोमीटर लंबी हल्दिया-बरौनी पाइपलाइन का उद्घाटन किया।

उन्होंने क्षेत्र में रेल परिवहन सुविधाओं के विस्तार के लिए लगभग 2,680 करोड़ रुपये की परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की। परियोजनाओं में झारग्राम-सलगाझारी (90 किलोमीटर) को जोड़ने वाली तीसरी रेल लाइन, सोंडालिया-चंपापुकुर रेल लाइन (24 किलोमीटर) का दोहरीकरण और दनकुनी-भट्टनगर-बाल्टिकुरी रेल लाइन (9 किलोमीटर) का दोहरीकरण शामिल है. मोदी ने कहा, 'हमारा प्रयास है कि पश्चिम बंगाल में रेलवे का विकास वैसा ही हो जैसा भारत के अन्य हिस्सों में हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और आधारशिला रखी। उन्होंने खड़गपुर के विद्यासागर औद्योगिक पार्क में इंडियन ऑयल के 120 टीएमटीपीए की क्षमता वाले 'एलपीजी बॉटलिंग' संयंत्र का भी उद्घाटन किया. यह संयंत्र 200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है।

उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत पश्चिम बंगाल में लगभग 100 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में राज्य में 150 से अधिक नयी ट्रेन सेवाएं शुरू हुई और पांच नयी वंदे भारत ट्रेन पश्चिम बंगाल के लोगों को ट्रेन यात्रा का एक नया अनुभव दे रही हैं. उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि पश्चिम बंगाल के लोगों के सहयोग से हम विकसित भारत का लक्ष्य भी हासिल कर लेंगे।

*महादेव सट्टा एप केस में अब तक...*

भोपाल स्थित ईडी कार्यालय की टीम ने गिरीश को गिरफ्तार कर लिया। भोपाल ईडी की टीम तलरेजा को रायपुर ईडी को सौपेंगी। ईडी ने गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात भोपाल के साथ-साथ रायपुर, कोरबा, बिलासपुर, पत्थलगांव, सूरजपुर, प्रतापपुर में एक साथ छापे मारे हैं। पांच साल पहले कोलार से गिरफ्तार हुआ सट्टाकिंग गिरीश तलरेजा साल 2019 में आरोपी तलरेजा दुबई भागने की फिराक में था। हालांकि सीआईएसएफ ने मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद साल 2019 में भोपाल पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड पर हिरासत में लिया था।

जानें पूरा मामला- महादेव बेटिंग एप ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए बनाया गया है। इस पर यूजर्स पोकर, कार्ड गेम्स, चांस गेम्स नाम से लाइव गेम खेलते थे। एप के जरिये क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल जैसे खेलों और चुनावों में अवैध सट्टेबाजी भी की जाती थी। अवैध सट्टे के नेटवर्क के जरिये एप का जाल तेजी से फैला और सबसे ज्यादा खाते छत्तीसगढ़ में खुले। इस एप से धोखाधड़ी के लिए एक पूरा खाका बनाया गया था। इस मामले में रणवीर कपूर पर भी अवैध रूप से पैसे बनाने का आरोप लगा है। इसे लेकर ईडी ने कार्रवाई की है।

*गुजरात में आत्महत्या की घटनाएं भाजपा....*

कांग्रेस अध्यक्ष ने आत्महत्या की बढ़ती इन घटनाओं की वजह सामाजिक और आर्थिक असमानता बताते हुए कहा, यह गंभीर वास्तविकता गुजरात में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की उन जटिल सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने में विफलता को रेखांकित करती है, जिनसे हमारे नागरिक जूझ रहे हैं।

# हैरिस और दीप्ति की विस्फोटक साझेदारी के दम पर जीता यूपी, अंक तालिका में हुआ बड़ा बदलाव

बेंगलुरू। महिला प्रीमियर लीग के आठवें मैच में यूपी वॉरियर्स ने गुजरात जाएंट्स को करारी शिकस्त प्वॉइंट्स टेबल में बड़ा बदलाव किया है। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम ने बेथ मूनी की टीम को 26 गेंदों के शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट गंवाक 142 रन बनाए। इसके जवाब में यूपी ने 15.4 ओवर में चार विकेट खोकर 143 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।



गुजरात द्वारा दिए गए लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी की शानदार शुरुआत हुई। कप्तान एलिसा हीली ने किरण नवगिरे के साथ पहले विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी निभाई। किरण 12 रन बनाकर आउट हो गईं। टीमको दूसरा झटका हीली के रूप में लगा जिन्होंने 21 गेंदों में 33 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरीं चमारी अटापट्टू अपने पहले मैच में 17 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। उन्हें तनुजा कंवर ने लौरा के हाथों कैच आउट कराया। यूपी को चौथा झटका पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आई श्वेता सहरावत के रूप में लगा जो सिर्फ दो रन बना सकीं। इसके बाद मोर्चा ग्रेस हैरिस और दीप्ति शर्मा ने संभाला। दोनों ने 30 गेंदों में 53 रन की नाबाद साझेदारी निभाकर टीम को जीत दिलाई। हैरिस ने इस मुकाबले में 33 गेंदों में 60 रन और दीप्ति ने 14 गेंदों में 17 रन की नाबाद पारी खेली। गुजरात के लिए तनुजा ने दो विकेट लिए जबकि मेघना और कैथराइन को एक-एक सफलता मिली। गुजरात जाएंट्स ने यूपी वॉरियर्स को 143 रन का लक्ष्य थमाया है। इस मुकाबले में गुजरात ने अच्छी बल्लेबाजी की। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरीं लौरा और बेथ मूनी के बीच पहले विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी हुई। कप्तान 18 रन बनाकर आउट हो गईं। वहीं, लौरा ने चार चौकों की मदद से 28 रन की पारी खेली। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी हरलीन देओल 18 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। उन्हें राजेश्वरी गायकवाड़ ने अंजलि सरवानी के हाथों कैच कराया। यूपी के खिलाफ चौथे विकेट के लिए एश्ले गार्डनर और फीबी लीचफील्ड के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई। 19वें ओवर की पहली गेंद पर एक्लेस्टोन ने गार्डनर को आउट कर इसे खत्म कर दिया। वह 30 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। इस ओवर की तीसरी गेंद पर फीबी भी रन आउट हो गईं। वह 26 गेंदों में 35 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। दयालन हेमलथा (दो) और कैथराइन ब्राइस (पांच) इस मैच में नाबाद रहीं। यूपी के खिलाफ सोफी एक्लेस्टोन ने तीन विकेट चटकाए। वहीं, राजेश्वरी गायकवाड़ को एक विकेट मिला। यूपी ने इस जीत के साथ प्वॉइंट्स टेबल में बड़ा बदलाव किया है। चार अंकों के साथ टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, नेट रनरेट 0.211 हो गया है। एलिसा हीली की टीम ने मुंबई इंडियंस को पीछे छोड़ दिया। हमरनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम चार अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

# नहीं थम रहा ईशान-श्रेयस को अनुबंध से निकालने का विवाद, अब साहा ने कहा- आप जबरदस्ती नहीं कर सकते



नई दिल्ली। भारत के अनुभवी विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा ने गुरुवार को कहा कि अगर कोई क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट नहीं खेलना चाहता है तो कुछ भी जबरदस्ती नहीं किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि घरेलू क्रिकेट एक अच्छे खिलाड़ी बनने का आधार है और हर किसी को सफल होने के लिए इसे पर्याप्त महत्व देना चाहिए। साहा की यह प्रतिक्रिया ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को 2023-24 सत्र के लिए बीसीसीआई की वार्षिक केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर किए जाने के बाद आई। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा था कि दोनों क्रिकेटरों को लेकर वार्षिक अनुबंध के लिए विचार नहीं किया गया था। इस पर साहा ने कहा, यह बीसीसीआई का फैसला है और संबंधित खिलाड़ियों का निजी फैसला है। जबरदस्ती आप कुछ नहीं कर सकते या किसी को खेलने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। ये दोनों कुछ समय पहले तक भारतीय टीम का हिस्सा थे। दोनों पिछले साल वनडे विश्व कप भी खेलते दिखे थे। किशन पिछली बार दिसंबर में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टेस्ट टीम का हिस्सा थे, जबकि अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज के पहले दो टेस्ट खेले। साहा ने कहा कि एक क्रिकेटर को एक मिसाल पेश करते हुए हर मैच को समान महत्व देना चाहिए।

# महिला सशक्तिकरण संघ ने अनेक महापुरुषों की जयंती संयुक्त रूप से मनाई



डोंगरगढ़(दावा)। महिला सशक्तिकरण संघ के तत्वाधान में फरवरी माह को रमाई जयंती माह की घोषणा संघ के अध्यक्ष भदन्त डॉ चन्दकित्ति के निर्देश पर किया गया और पूरे माह में अलग-अलग जगह पर रमाई जयंती के कार्यक्रम आयोजित किये गए और उनके त्याग और संघर्ष की गाथा को जनमानस में बताकर समाज में जनजागृति लाने का कार्य संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महामानवों के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने सामुहिक बुद्ध वंदना ली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगलसैन सागर समाजसेवी दिल्ली, अध्यक्षता हरविंदर कुमार आजाद राष्ट्रीय महासचिव महिला सशक्तिकरण संघ विशिष्ट अतिथि डॉ मनोज गजभिए, नलिनी मेश्राम, राधिका बौद्ध मंचस्व थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सागर ने कहा कि भारत की धरती में जन्में सभी महामानवों के त्याग और संघर्षों के कारण ही हम आज यहां तक पहुंच पाए हैं और आपके समक्ष बैठकर वार्तालाप कर रहे हैं। तथागत गौतम बुद्ध, बाबा साहब अम्बेडकर, रमाई अम्बेडकर, छत्रपति शिवाजी महाराज, संत शिरोमणि रविदास, संत गाडगे बाबा और तमाम महापुरुषों की जयंती मनाने का उद्देश्य यह है कि उनके त्याग बलिदान और संघर्षों को जनमानस तक पहुंचाया जाए और उनके विचारों को आत्मसात करने की कोशिश की जाए यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह भारत की धरती में जन्मे महामानवों के इतिहास को जाने और उसे आगे बढ़ाएं उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने ऐसे राज्य की परिकल्पना की थी जिसमें सभी को समानता का अधिकार मिले, सभी सुखी रहे कोई भूखा न सोये किसी के साथ जातिगत छुआछुत न हो तभी जनमानस सुखी रह सकेगा, डॉ. मनोज गजभिये ने संत गाडगे बाबा के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला और कहां की वे जीवन भर स्वच्छता व शिक्षा के लिए प्रयासरत रहे अपने जीवन की सुख सुविधाओं को त्याग कर जनहित के लिए कार्य किया और कई अस्पताल स्कूल और कॉलेज खोलें, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एच के आजाद ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रमाई के त्याग व बलिदान का वर्णन करना आसान नही है उन्हें ऐसे ही त्यागमूर्ति नही कहाँ जाता उन्होंने अपने समाज के उत्थान के लिए अपने चार बच्चों की कुर्बानी दे दी ऐसी माँ और पत्नी थी।

# माध्यमिक शाला पारीखुर्द में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



राजनांदगांव (दावा)। 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला पारी खुर्द में बच्चों ने बहुत ही उमंग व उत्साह के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया।

इस उपलक्ष्य हेतु हर घर गुब्बारा कर अभियान के तहत बच्चों ने बहुत अधिक संख्या में गुब्बारा कार बनाया गया था, जिसका रेस भी शाला में आयोजित किया गया, जो बहुत ही रोचक रहा, बच्चों ने डॉ. सी.वी.रमन जी का चित्र निर्मित किया था जिसमें आकाश चंद्राकर व चंद्रहास चंद्राकर द्वारा बनाया गया, डा.रमन जी का पोस्टर चित्र मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में शाला में विविध प्रतियोगिताएं जैसे चित्रकला, रंगोली, मॉडल प्रदर्शन, प्रयोग प्रदर्शन व क्विज प्रतियोगिता इत्यादि संपन्न हुई। जिसमें बच्चों की विज्ञान व वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रति बेहद ही रूची व जिज्ञासा देखने को मिली। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता (कबीरधाम) में प्रतिभागी बच्चों कुमारी भूमिका मांडवी, जया साहू, मुनेश कुमार साहू को शाला परिवार द्वारा सम्मानित किया गया, साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। इस शुभ अवसर पर शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति वैष्णव, शिक्षाविद ताम्रध्वज चंद्राकर, संस्था प्रमुख एस.के. सेवता, शिक्षिका श्रीमती विभा सिंहमारे, अनुपमा सोनी, सुश्री पुष्पलता देवांगन, सुश्री झरना साहू व शिक्षिका दीपक कुमार साहू उपस्थित रहे।

# सिलिकोसिस से पीड़ित श्रमिक भीषम दास साहू को मिली सहायता राशि

राजनांदगांव (दावा)। **श्रम विभाग के असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक एवं राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पारीकला निवासी भीषम दास साहू को सिलिकोसिस से पीड़ित श्रमिकों के लिए आर्थिक एवं पुनर्वास सहायता योजना अंतर्गत 3 लाख रूपए की सहायता प्रदान की गई है।**

श्रमपदाधिकारी आरके प्रधान ने बताया कि भीषम दास साहू की पत्नी श्रीमती नेमा साहू द्वारा लाईलाज बीमारी सिलिकोसिस से पीड़ित होने के संबंध में श्रम पदाधिकारी कार्यालय राजनांदगांव में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदिका द्वारा बताया गया कि उनके पति भीषम दास साहू को शुरूआत में सांस लेने में काफी तकलीफ हो रही थी, जिसके इलाज के लिए व्हीवाय हॉस्पिटल राजनांदगांव में भर्ती कराया गया था। यहां से बेहतर इलाज हेतु उन्हें एम्स रायपुर भेजा गया। एम्स रायपुर में लगभग डेढ़ माह इलाज के बाद लाईलाज बीमारी सिलिकोसिस से ग्रसित होना बताया गया और तब से पीड़ित श्रमिक ऑक्सीजन पर है। आवेदिका श्रीमती नेमा साहू के आवेदन पर कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रमपदाधिकारी को तत्काल सभी प्रकार की प्रक्रियाओं को पूरा कर पीड़ित को सिलिकोसिस से पीड़ित श्रमिकों के लिए आर्थिक एवं पुनर्वास सहायता योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। श्रमपदाधिकारी द्वारा आवेदिका का आवेदन अनुशंसा सहित श्रमिक को लाभ देने हेतु श्रमायुक्त कार्यालय नवा रायपुर को प्रेषित किया गया, जहां से शासन द्वारा श्रमिक श्री भीषम दास साहू को 3 लाख रूपए की सहायता राशि से लाभांवित किया गया।

## 8 एवं 9 मार्च को लोक कला मानस महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। शहर के निकटस्थ ग्रामीण वार्ड पेंड्री में महाशिवरात्रि के अवसर पर 8 एवं 9 मार्च को लोककला मानस महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के राम अवतार साहू ने बताया कि उक्त दो दिवसीय कार्यक्रम में चारामा, कांकेर, मोहला-मानपुर, घुमका, खुज्जी, धमतरी, कबीर धाम, कोकडी, दुर्ग, बालोद, डोंगरगढ़ आदि की रामायण मंडलिया व नाच पार्टी भाग ले रही है। इस कार्यक्रम में फाग व जसगीत गान, सुवा नाच तथा रिकार्डिंग डांस ग्रुप सुरगी का भी रंगा-रंग कार्यक्रम देखने को मिलेगा। प्रत्येक कार्यक्रम को दो-दो घंटे का समय दिया गया है। आयोजन समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित उक्त दो दिवसीय लोक कला महोत्सव आयोजन का आनंद लेने लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# एसएसटी एवं एफएसटी टीम को दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके तहत विभिन्न कार्यों के संपादन के लिए एक ओर जहां टीमों का गठन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों के संपादन के लिए उन टीमों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में स्थैतिक निगरानी दल एवं उडऩ्दस्ता दलों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण कार्य है, इसके लिए आयोजित प्रशिक्षण को गंभीरता से प्राप्त करें। उन्होंने सभी टीमों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं सजगता से करने कहा। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान उडऩ्दस्ता दल एवं स्थैतिक निगरानी दल के कार्यों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा उपस्थित थे। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर कैलाश शर्मा, दीपक ठाकुर एवं भूपेश साहू द्वारा स्थैतिक निगरानी दल एवं उडऩ्दस्ता दल के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लोकसभा निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस दौरान एसएसटी एवं एफएसटी टीम को सहायक प्रोग्रामर श्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा ईएसएमएस एप और सी-विजिल एप के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# इच्छाशक्ति से कार्य करते हुए जिले का विकास करें- सांसद संतोष पाण्डेय



जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक सम्पन्न

मोहला (दावा)। राजनांदगाव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यासशासी परिषद की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास की राशि का उपयोग जिले के विकास कार्यों को गति देने, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सिंचाई, पुल-पुलिया, सड़क निर्माण, पेयजल के लिए अधिक से अधिक उपयोग करने पर जोर दिया गया।

बैठक में सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि सभी अधिकारी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करते हुए जिले का विकास करने में अपना योगदान देवें। उन्होंने कहा आपको एक अवसर मिला है, इसे जनता के हित में समर्पित करते हुए विकासकार्यों को प्राथमिकता देवें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार कार्य करते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों को धरातल पर स्थापित करें। जिले को अग्रणी जिला बनाने की दिशा में उच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों को करने पर जोर दिया जाये।

विधायक इंद्रशाह मंडावी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए क्षेत्र की समस्याओं को रखा। विभागों के अधिकारियों को विभागों के अंतर्गत किये जाने वाले विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि का सदुपयोग करते हुए प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कुपोषित बच्चों की विशेष देखभाल और पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाने के लिए जिला खनिज न्यास निधि से राशि आवंटित करने के संबंध में चर्चा की गई। इसी प्रकार छात्रावास में रहकर पढ़ रही बालिकाओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक राशि खर्च किये जाने पर भी चर्चा की गई।

गंभीर रूप से बीमार बच्चों और हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के उपचार के लिए भी राशि अंतरित करने पर बैठक में चर्चा की गई। शिक्षा के क्षेत्र में ट्विटर शिक्षकों की भर्ती करने, जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत के लिए राशि खर्च करने पर चर्चा हुई। कलेक्टर एस जयवर्धन ने अधिकारियों को महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने कहा है। जिला खनिज संस्थान न्यास के पास उपलब्ध निधि का कम से कम 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता क्षेत्रों में उपयोजित करने का प्रावधान हैं। इसके अतंर्गत उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के तहत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य संम्बद्ध गतिविधियां, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं निशक्तजन के कल्याण, कौशल एवं विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, सतत् जिविकोपार्जन के अलावा जन कल्याण के कार्यो के लिए इस राशि का उपयोग किया जायेगा। इसी तरह न्यास के शेष 40 प्रतिशत राशि को अन्य प्राथमिकता वालें क्षेत्रों में उपयोजित किये जाने का प्रावधान है। इसके अतंर्गत न्यास के 40 प्रतिशत राशि का उपयोग अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अतंर्गत भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सर्वाजनिक परिवहन, युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए किया जायेगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहला लगनु राम चंद्रवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानपुर दिनेश शाह मण्डावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अं.चौकी श्रीमती कुमारी बाई जुरेशिया, पुलिस अधीक्षक श्रीमति रत्ना सिंह, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, परियोजना निर्देशक हेमंत ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



नीचे मंदिर मां बमलेश्वरी परिसर में विविध आयोजन

डोंगरगढ़(दावा)। 08 मार्च दिन शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नीचे मंदिर स्थित शिव मंदिर परिसर में तथा मेला प्रागंण में तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 06 मार्च से 08 मार्च तक तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया जावेगा। जिसमें सभी प्रकार के खाद्य स्टॉल, झूला, मनिहारी एवं बच्चों के मनोरंजन हेतु जम्पिंग झपाक/मक्झी माऊस जैसे स्टॉल लगाये जायेंगे ।

06 मार्च दिन बुधवार को विदर्भ के प्रसिद्ध जगराता मंडली के अरुण राकेश गोदिया वाले के द्वारा जगराता की प्रस्तुति रात्रि 9:00 बजे से प्रारंभ किया जावेगा। 07 मार्च दिन गुरुवार को जसगीत के सुप्रसिद्ध जस गीत सम्राट दुकालु यादव के द्वारा जसगीत की प्रस्तुति रात्रि 9:00 बजे से प्रारंभ किया जावेगा। 08 मार्च दिन शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक गायिका अलका चन्द्राकर का कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से प्रारंभ किया जावेगा।

### 28 वर्षों से अनवरत जारी जसगीत सम्मेलन

महाशिवरात्रि के पवन पर्व पर 28 वर्षों से अनवरत चला आ रहा एक दिवसीय जस गीत सम्मेलन का आयोजन नीचे मंदिर प्रागंण स्थित श्री शिव मंदिर में आयोजित किया गया है। जस गान मंडलियों से अनुरोध है कि वे अपनी मंडली सहित जस गीत सम्मेलन में सम्मिलित होकर जस गीत एवं झांकी की अपनी प्रस्तुति देवें।

### नि:शुल्क पूजा सामग्री उपलब्ध

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 08 मार्च दिन शुक्रवार को श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ के तत्वाधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव मंदिर में भक्तजनों द्वारा श्री शिव जी की पुजा अर्चना के लिये बेलपत्ती, दुध की नि:शुल्क व्यवस्था ट्रस्ट समिति की ओर से उपलब्ध रहेगी । श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने समस्त भक्तजनों से अनुरोध की है कि परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिर में शिव जी की पूजा अर्चना के साथ सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें। उक्ताश्य की जानकारी ट्रस्ट के मंत्री महेन्द्र परिहार ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

## संस्कार श्रद्धांजलि ने एक अनाथ बच्ची को फाइनल ईयर एग्जाम में दिलाया प्रवेश



भिलाई (दावा)। निवासी पी तृप्तमा जिनके पति का 2015 में स्वर्गवास हो गया था। पति के मृत्यु उपरांत तृपत्मा ने रोजी मजदूरी कर अपने बच्चों को बढ़ा करने के साथ-साथ उच्च शिक्षा हेतु हर संभव प्रयास किया। इस बार बीएससी फाइनल में उनकी बेटी दस हजार रूपए फीस जमा नहीं कर पाने की वजह से एग्जाम में बैठ नही पा रही थी। 29 फरवरी लास्ट डेट होने पर तृप्तमा ने अपने चिर परिचित सहित बहुत लोगों से मदद की फरियाद की पर उसे सफलता न मिलने पर उसने राजनांदगांव की सामाजिक संस्था संस्कार श्रद्धांजलि से संपर्क कर अपनी पुरी व्यथा बताई।

संस्था की पहल पर हेमचंद विश्विद्यालय में दस हजार नगद जमा करा कर इस प्रतिभाशाली बच्ची को प्रवेश दिलाने के पहल के साथ ही भविष्य में आईएएस आईपीएस जेसे कोचिंग व परीक्षा में पूर्ण सहयोग प्रदान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष सतीश भट्टड़ उपाध्यक्ष ममता बुद्धन अर्जन वाधवानी अनिमेष राय मनमोहन शर्मा उपस्थित थे।

# लोक मंडई में शामिल हुए बिसेसर, कृषकों को नवाचार के लिए प्रेरित किया




राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले के ग्राम डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुसरा में तीन दिवसीय लोक मंडई का आयोजन किया जा रहा है। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने स्टॉल लगाए गए हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता व नवाचारी कृषक बिसेसर साहू अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

बिससेर साहू कृषि के क्षेत्र में नवाचार के लिए जाने जाते हैं, उनकी उपलब्धियों पर उन्हें अब तक अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। लोक मंडई कार्यक्रम में कृषि विभाग ने भी स्टॉल लगाकर कृषकों को नई योजनाओं और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर चर्चा की।

बिससेर साहू ने इस मौके पर किसानों से चर्चा करते हुए उन्हें कृषि की तकनीक और वैज्ञानिक पहलुओं पर जानकारी साझा की। इस दौरान उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे भी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि-केंद्र की मोदी सरकार ने कृषि उत्पादों पर रियायतें बढ़ाकर किसानों को बड़ी सहूलियत मुहैया कराई है। समय के साथ कृषि में बड़ा परिवर्तन आया है। इसमें मशीनों की भूमिका तो बढ़ी ही है। इसके साथ ही नई-नई ब्रिड के साथ धान, दलहन-तिलहन और सब्जियों की खेती हो रही है। इसमें बड़ा मुनाफा भी किसानों के हिस्से आ रहा है। राज्य की भाजपा सरकार भी कृषकों को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही है। धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रुपए, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी किए जाने से भी बड़ा फायदा किसानों को मिला है। उन्होंने कृषकों को नवाचार के लिए प्रेरित किया।

# भारत जीवंत, प्रतिभावान युवाओं का राष्ट्र है - कुलपति पल्टा




*उत्कृष्ट एवं रोजगार परक शिक्षा द्वारा ही विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है - कुलपति*

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित विकसित भारत 2047 चुनौतियां एवं संभावनाएं विषयक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग कुलपति, प्रो. अरुणा पल्टा अध्यक्षता शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, प्राचार्य डॉ.के.एल. टांडेकर, विशिष्ट अतिथि शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल, शासकीय स्वाशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा डॉ.पी. एन. सनेसर, डॉ.शरद कुमार देवांगन, डॉ. कुबेर सिंह गुरुपंच एवं प्रो. गिन्नी जैन, शोध संगोष्ठी के संयोजक वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.एस.के. उके सह संयोजक प्रो.एच.सी. जैन उपस्थित रहे। शोध संगोष्ठी के संरक्षक व प्राचार्य, डॉ.के.एल. टांडेकर ने शोध संगोष्ठी के उद्देश्य व सार्थकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. पल्टा ने कहा कि भारत जैसे बहुविविधता, ऊर्जावान एवं युवाशक्ति से राष्ट्र के लिए विकसित भारत 2047 स्पष्ट और सुदृढ़ विज़न जरूरी है। इसके लिए उत्तम स्वास्थ्य के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार परखक शिक्षा और सकारात्मक सोच देश की सफलता और विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। वही युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा की चुनौतियों में ही संभावनाएं छुपी होती है। डॉ. सनेसर ने कहा कि विकसित भारत 2047 बनने के लिए विशेष दृष्टिकोण की आवश्यकता है। विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाली भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विकास के विभिन्न पहलुओं जैसे आर्थिक विकास पर्यावरण, स्थिरता, सामाजिक प्रगति और सुशासन को शामिल करना होगा। प्रो. गिन्नी जैन ने कहा कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना नारी शक्ति के बिना अधूरी है हम नारियों की भी जिम्मेदारी है कि हम देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करें। डॉ. देवांगन ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना तभी सार्थक होगी जब हम सब विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए अपनी जिम्मेदारी का निर्माण करेंगे। विभिन्न तकनीकी सत्रों में शोधार्थियों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. अरुण पलटा को शाल श्रीफल एवं लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. सनेसर को रिसर्च अवॉर्ड, प्रो. गिन्नी जैन को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु अवार्ड से सम्मानित किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत शाल एवं स्मृति चिन्ह देखकर किया गया।

# विकसित भारत अभियान में कॉलेज विद्यार्थियों को दिलाया संकल्प



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और विकसित भारत अभियान 2047 के अंतर्गत कॉलेज में विभिन्न आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता डॉ.रचना पांडे प्राचार्य द्वारा किया गया। विकसित भारत अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विकसित भारत अभियान को लेकर प्रो.विजय मानिकपुरी ने पीपीटी के द्वारा अनेक महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत किए जिसमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री फसल किसान योजना, फसल बीमा, पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जन औषधिय कौशल विकास योजना जैसे महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर प्रस्तुतिकरण कर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को विकसित भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रेरित भी किया गया और कहा कि यह आयोजन लगातार आगामी समय तक चलते रहेंगे। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने विद्यार्थियों को सर्वप्रथम संकल्प दिलाया और कहा कि देश अपने आजादी के सौ वर्ष पूर्ण करते तक विकसित भारत के रूप में होगा। जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने, विकसित भारत अभियान का मूल उद्देश्य को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भागीदारी के प्रति युवा संकल्पित भी हो विकसित भारत अभियान वह अभियान है जो सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों को योजना से जोड़ने हेतु जनजागरूकता लायेगा साथ ही साथ विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन लिंक पर पंजीयन करा कर सभी विद्यार्थियों से फीडबैक फॉर्म भी भरवारा गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल और डॉ. मनीष जैन ने संयुक्त रूप से कहा की विकसित भारत के अंतर्गत इस प्रतियोगिता से बालिका शिक्षा, स्वच्छ भारत अभियान, तकनीक का जीवन में उपयोग, पर्यटन उद्योग सम्भावना जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के विषय में विद्यार्थी जागरूक होंगे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बी.एड. के विद्यार्थी शामिल रहे तथा विचार प्रस्तुत किए।

# आधार लिंक कराने बैंकों में महिलाओं की भीड़

## डीवीटी माध्यम से होगा महतारी वंदन का भुगतान

राजनांदगांव (दावा)। महतारी वंदना योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को उनके आधार कार्ड का बैंक खाते से लिंक कराना अनिवार्य है। लिंक होने के बाद ही उनके बैंक खाते में महतारी वंदन का प्रतिमाह एक हजार आएगा। आलम यह है कि महतारी वंदना का फार्म भरने के बाद जब उनका नाम सूची में आ गया है तब उन्हें महतारी वंदना का प्रतिमाह एक हजार रूपए पाने के लिए अपने आधार कार्ड का बैंक खाते से लिंक करवाना पड़ रहा है। इसके चलते बैंकों में महिलाओं की खासी भीड़ दिखने लगी है।



कुछ स्थानों पर आलम यह है कि महिलाएं बैंक खुलने से पहले ही वहां आ डटती है। बहरहाल महतारी वंदना की राशि पाने महिलाएं बैंकों का चक्कर लगाना मजबूरी हो गई है। वैसे बता दे कि कल एक मार्च को महतारी वंदना की अंतिम सूची जारी कर दी गई है।

महिला एवं बाल विकास अधिकारी गुरूमीत कौर की माने तो महतारी वंदन योजना के अंतर्गत डीवीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। इसके लिए हितग्राहि के बैंक खाते में डीवीटी इनेबल होना चाहिए। महिला हितग्राही संबंधित बैंक शाखा में पहुंच कर अपने बैंक खाते में आधार बेस्ट डीवीटी इनेबल करवा लेंवे जिससे उनके आधार नम्बर से ही उनके खाते में राशि अंतरण हो सके। बैंक खाते से आधार लिंक होने पर ही महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। बताया जाता है कि जिन महिलाओं के बैंक में आधार लिंक नहीं है। उन्हें सूचना भी दी जा रही है। महिला बाल विकास के आंगन बाड़ी वाले उन्हें सूची में आए नाम के आधार पर जानकारी दे रहे है। जिन महिलाओं को उनके बैंक खाते में आधार लिंक नहीं है। वे अपने बैंक में जाकर आधार लिंक करवा रही है। इससे बैंकों में महिलाओं की भीड़ ज्यादा नजर आ रही है।

# कॉलेज व सीजी बोर्ड परीक्षा का पहला दिन शांति पूर्ण गुजरा

## महाविद्यालयों व स्कूलों में रही चहल-पहल... नकल के एक भी नहीं बने प्रकरण .... नकल रोकने चार उड़न दस्ता दल गठित

राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल के तहत शुक्रवार एक मार्च को 10 वीं एवं 12वीं की परीक्षा आयोजित रही। वही कालेजों में भी प्राईवेट एवं आटोनार्मस की परीक्षा आयोजित किए गए। दिग्विजय कालेज में प्राईवेट के 5 हजार एवं आटोनामस के डेढ़ हजार परीक्षार्थी शामिल होने की बात बताई जा रही है। रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने बताया कि तीन-शिफ्टों में हुई परीक्षा में प्रत्येक शिफ्ट में तीन-तीन, चार-चार सौ परीक्षार्थी बैठे। वही प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर ने बताया कि पहले से ही परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गई है।

विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ गर्मी को देखते हुए बिजली, पानी से पंखे की व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है। साथ ही बताया गया कि परीक्षा में नकल रोकने उड़ने दस्ता दलों का भी गठन किया गया है। डॉ. टांडेकर ने बताया कि परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। सुबह-दोपहर व अपराहन तीन शिफ्टों में परीक्षा होने के कारण कालेज में काफी चहल-पहल रही वही पुलिस के भी इंतजाम रहे। आज प्रथम दिवस की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

### एक भी नकल प्रकरण नहीं

जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है कि शुक्रवार एक मार्च को कालेज के साथ-साथ स्कूलों में सीजी बोर्ड की परीक्षा भी आयोजित थी। छ.ग. मा.शि.मं. ने जिले में राजनांदगांव के महत बलरामदास स्टेट स्कूल को समन्वय केन्द्र बनाया है। स्कूल के प्राचार्य व केन्द्राध्यक्ष एन.एस. पट्टा ने बताया कि स्कूल में परीक्षा का पहला दिन शांति पूर्ण गुजरा। हालांकि पहले ही दिन उडनदस्ता का दबिश हुआ। विकासखंड शिक्षा अधिकारी वाय.डी. साहू के नेतृत्व में पहुंचे उड़नदस्ता के दल ने परीक्षा कक्षों का घुम-घुम कर मुआयना की। स्कूल में शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों से एक भी नकल प्रकरण सामने नहीं आए। स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि



स्कूलों में बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराने के बाद केन्द्राध्यक्ष विद्यार्थियों द्वारा हल किए गए प्रश्न-पत्र समन्वय केन्द्र, स्टेट स्कूल में जमा कराने पहुंचे। उन्होंने शहर के आसपास के कुछ स्कूलों का ब्यौरा देते हुए बताया कि स्टेट स्कूल में आयोजित दसवी/ बारहवी की बोर्ड परीक्षा में कुल 322 परीक्षार्थियों में से 312 की उपस्थिति रही।

10 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में 144, ठा. प्यारेलाल स्कूल में 153, बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर में 209, म्युनिस्पल स्कूल में 273, कन्हारपुरी स्कूल में 87 व हल्दी स्कूल में 34 परीक्षार्थी बैठे। केन्द्राध्यक्ष पट्टा सर ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 12वीं हिन्दी के पेपर हुए कल 10 वीं हिन्दी का पेपर होगा। परीक्षा के बाद समन्वय केन्द्रों में 44 स्कूलों के पेपर जमा हुए। उन्होंने बताया कि 25 मार्च तक दोनों परीक्षाएं हो जाएगी। परीक्षा के दौरान ही मूल्यांकन होगा। मूल्यांकन हेतु स्टेट हाई स्कूल को केन्द्र बनाया गया है।

# वंदे भारत का डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में ठहराव तय हुआ, धर्मनगरी को मिली बड़ी सौगात

राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पाण्डे ने संसदीय क्षेत्र के तीर्थ एवं धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ में वन्दे भारत एक्सप्रेस के पहिये थमने की स्वीकृति प्राप्त कर ली है। आज, रेल मंत्रालय से उक्त आशय का पत्र प्राप्त करते ही सांसद पाण्डे ने माँ बम्लेश्वरी, भगवान बुद्ध, आचार्य विद्यासागर जी को प्रणाम करते हुए सामर्थ्य देने के लिये क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया है।



**सांसद ने रेल मंत्री के प्रति आभार जताया**

प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद ने बताया है कि गत माह समपन्न हुए बजट सत्र के दौरान रेल मंत्री माननीय अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में आस्था की प्रतीक माँ बम्लेश्वरी की धरा डोंगरगढ़ में वन्दे भारत एक्सप्रेस के ठहराव के लिये निरंतर निवेदन किया, जिसका परिणाम आज उन्हें प्राप्त हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि पत्राचार और मुलाकात में उन्होंने रेल मंत्री को अवगत कराया कि धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ के उन्नयन और विकास के लिये पर्यटन विभाग से प्रसाद योजना के तहत 45 करोड़ रूपये की लागत के कार्य प्रगति पर हैं, जिसमें श्रीयंत्र सहित साधना केन्द्र व अन्य सुविधायें पर्यटकों व श्रद्धालुओं को प्राप्त होगी। कार्य पूर्ण होते ही पर्यटकों की संख्या में एकाएक वृद्धि होगी।

डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी तीर्थ के अतिरिक्त भगवान बुद्ध का तीर्थ प्रज्ञागिरि तथा आचार्य विद्यासागर जी की कर्मस्थली चंद्रगिरि तीर्थस्थल है, जहाँ हिन्दुओं सहित बौद्ध और जैन मतावलंबियों का न सिर्फ देश वरन विदेशो से भी वर्षभर आना-जाना लगा रहता है। ऐसी स्थिति में समीपस्थ मेट्रो शहर रायपुर तथा नागपुर से सुविधायुक्त वातानुकूलित रेल के रूकने से श्रद्धालुओं को सुविधा एवं आसानी होगी। वन्दे भारत ट्रेन क्रमांक 20825/26 के डोंगरगढ़ में ठहराव के लिये सांसद पाण्डे ने प्रधानमंत्री मोदी सहित रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है, वहीं रेल के रूकने से डोंगरगढ़ सहित क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, नागरिकों व व्यापारियों में प्रसन्नता व उत्साह की लहर है। वन्दे भारत के ठहराव के लिये क्षेत्रवासियों ने सांसद पाण्डे का आभार व्यक्त किया है।

# डीएमसी की टीम ने परीक्षा केंद्रों में दी दबिश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं में नकल अथवा किसी प्रकार की गड़बड़ी रोकने तथा निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु जिला स्तर पर चार उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।



इसी तारतम्य में गठित दल क्रमांक में प्रभारी अधिकारी सतीश ब्यौहरे जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव को नियुक्त किया गया है एवं सहायक अधिकारी के रूप में पी.आर. झाड़े सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, राजनांदगांव एवं दल के अन्य सदस्य मनीष कुमार सोनी व्याख्याता, श्रीमती स्वाति वर्मा व्याख्याता को दायित्व सौंपा गया है। इस उड़नदस्ता दल द्वारा 1 मार्च को आयोजित 12वीं की परीक्षा हिंदी विषय में कुल 4 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिचोला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला छुरिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खोभा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बखरूटोला शामिल है। प्रभारी अधिकारी सतीश ब्यौहरे ने बताया कि भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान खोभा स्कूल में शिक्षक दर्पण नहीं लगाने एवं अधिकारियों की जानकारी चस्पा नहीं करने पर तथा बखरूटोला स्कूल का मेन गेट बंद पाए जाने एवं नोटिस बोर्ड को बदलने की उनके केंद्राध्यक्षों को उचित दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त सभी परीक्षा केन्द्रों में नकल प्रकरण एवं अनुचित साधन उपयोग के कोई भी प्रकरण नहीं पाये गये।

# सिंगदई बायपास रोड में दो अलग-अलग स्थानों पर अवैध प्लाटिंग की तैयारी, संबंधितों को नोटिस



राजनांदगांव (दावा)। शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही की जा रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है।

अब तक कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस देकर लगातार कार्यवाही की जा रही है, कार्यवाही की कडी में सिंगदई बायपास रोड में अलग-अलग दो स्थानों पर छोटे-छोटे टुकडो में विभाजित कर अवैध प्लाटिंग करने पर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने संबंधितों को नोटिस जारी किया है।

अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा अवैध कालोन निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। निर्देशानुसार नगर निगम की टीम सख्त रवैया अपना कर अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कडी कार्यवाही कर रही है। उन्होने बताया कि वार्ड क्र. 50 सिंगदई बायपास रोड में खसरा नं. 225/1 को श्री विजय सिंह आ. श्री गजाधर सिंह एवं अन्य 6 लोगो के द्वारा छोटे-छोटे टुकडो में विभाजित करने मुरूम फिलिंग कर ले-आऊट किया गया है। इसी प्रकार इसी रोड में खसरा नं. 259/1 को श्री खिलावन दास आ. स्व. श्री भूषण दास एवं अन्य 10 लोगो के द्वारा इसी प्रकार टुकडो में विभाजित कर अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जा रही थी। जिस पर इन्हे छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ग (2) के तहत अवैध प्लाटिंग बंद करने नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि उक्त अवैध प्लाटिंग बन्द कर इस कार्यालय को सूचित करें अपालन पर इनके विरूद्ध 1956 की धारा 292 ग (3) के तहत् वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिको से अपील करते हुए कहा है कि उक्त क्षेत्र में बिना जानकारी के खरीदी बिक्री न करे। उन्होने तकनीकी अधिकारियों से कहा कि, नगर निगम सीमाक्षेत्र में अवैध कॉलोनी एवं अवैध प्लाटिंग की जॉचकर नोटिस जारी करें और यदि संबंधित के द्वारा अवैध प्लाटिंग कार्य बंद नही किया जाता है, तो उनके विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत् कडी से कडी कार्यवाही करें।

# पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने बोर्ड परीक्षार्थियों को दी शुभकामनाएं



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने बोर्ड कक्षा 12 वीं और आज से कक्षा 10 वीं बोर्ड की शुरू हो रही परीक्षाओं में शामिल हो रहे विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप सभी ने अच्छी तैयारी की होगी और आपका परीक्षाफल भी अच्छा रहेगा।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह कहा कि आप सभी भय और तनाव मुक्त होकर परीक्षा में शामिल हो और अपना स्वाभाविक प्रदर्शन करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा के दौरान बच्चों को दिए सुझावों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा है, विद्यार्थी उनके टिप्स को जरूर अपनाएं। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि आपके परिश्रम से परिणाम निर्धारित होते है। साल भर आपने जो पढ़ाई और मेहनत की है उसका अच्छा परिणाम आप सभी को मिलेगा। परीक्षाएं जीवन की सफलता का अंतिम पढ़ाव नहीं है। पढ़ाई आपके जीवन में आगे बढ़ने के रास्ते को प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया गया है। इस निर्णय अनुसार एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। इन दोनों ही परीक्षाओं में विद्यार्थियों को जिसमें ज्यादा अंक मिलेगा उसके आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार होगा। ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थियों को भारत भ्रमण भी कराया जाएगा।

# संदेशखाली को लेकर प्रदर्शन, भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला

## मोहला के बस स्टैंड में किया प्रदर्शन, कहा-सीएम ममता ने आरोपियों को संरक्षण दिया

राजनांदगांव (दावा)। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के शोषण और टीएमसी नेता की गुंडागर्दी के मामलों को लेकर आज जिला भाजपा महिला मोर्चा ने जिला मुख्यालय मोहला में विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका।



जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत ने कहा कि-तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में जो तानाशाही स्थापित की है वो गरीबों को कुचल रही है। पश्चिम बंगाल में आज भी महिलाओं को नोचा जा रहा है। वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने कार्यकाल में बंगाल में हिंसा, लूट, महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर नियंत्रण खो दिया है, वहां अपराधवाद चल रहा है। शुक्रवार को प्रदेश भाजपा व प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के निर्देश पर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिला भाजपा व युवा मोर्चा के पदाधिकारी भी मौजूद थे। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की सच्चाई बाहर आने के बाद पूरा देश इस विषय पर चिंता व्यक्त कर रहा है। सत्तादल टीएमसी के एक अपराधिक छवि वाले व्यक्ति ने यहां अपने अपराध का साम्राज्य खड़ा कर रखा था। वह रोजाना महिलाओं के साथ दुष्कृत्य करता था, उसके गुर्गे अबलाओं को घर से उठा ले जाते थे, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संरक्षण में वह आसानी से यह सब करता रहा।

मोहला में प्रदर्शन के दौरान ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और उन्हें संदेशखाली का असल दोषी बताया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि-उन्हें तत्काल अपना पद त्यागकर राजनीति से सन्यास ले लेना चाहिए।

संदेशखाली के दोषियों को बचाकर उन्होंने बहुत बड़ा अपराध किया है। मोहला के बस स्टैंड में आयोजित इस कार्यक्रम में महामंत्री दिलीप वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष रमेश हिडामे, महामंत्री नम्रता सिंह, पिछड़ा वर्ग जिला जनपद सदस्य अरुण यादव, अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, रतन तारम, धरमु भुआर्य, चुरेन्द, महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती संगीत मिश्रा, सुश्री सत्यभामा सलामे, मंडल अध्यक्ष इंद्रा मंडावी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष देव प्रसाद, मोनू वर्मा, संदीप साहू, राजू गुजराती, शांता बाई, राधिका, बसंती, रमुला, बसंता, सुरखा, इंदु मंडावी, बिसंतन बाई, शिव प्रकाश शर्मा, सुदर्शन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# देश में बेरोजगारी के खिलाफ युवा कांग्रेस ने की 'पंचायत चलो-वार्ड चलो' अभियान की शुरुवात

**0 झूठ बोलकर युवाओं को छला गया-आकाश शर्मा**
**0 भाजपा सरकार के खोखले वादे का उजागर करेंगे-गुरभेज सिंह माखीजा**




राजनांदगांव (दावा)। शहर जिला अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा एवं जिला शहर उपाध्यक्ष मुकेश निर्मलकर के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने रोजगार दो न्याय दो अभियान की शुरुवात ग्राम ठाकुरटोला में जनसभा कर केंद्र की 10 साल की भाजपा सरकार के खोखले वादो का उजागर किया। जिसमे विशेष रूप से युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा शामिल हुए।

इस दौरान भाजपा सरकार के किए वादे और गारंटी को जुमला बताया। वहीं केंद्र व राज्य सरकार खिलाफ नारेबाजी की गई। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा की हमने कुछ दिन पहले रोजगार दो न्याय दो अभियान की शुरुवात पुरे प्रदेश में की। जिसके तहत आज ग्राम ठाकुरटोला में जनसभा में शामिल हुआ। हम प्रदेश के सभी वार्ड एवं पंचायत में घूम कर केंद्र सरकार के 10 साल की नाकामियों और प्रदेश सरकार के आधे अधूरे वादों को लेकर जनता के बीच जाएगा। इस दौरान हम जनता से आठ सवाल पूछेंगे और जनता को यहां एहसास दिलाएंगे की जो मोदी की गारंटी दी गई है वहां सब जुमले बाजी है। जिला शहर अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था जिसमे वह असफल रही एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना भी बंद कर दिया।

महतारी वंदन योजना में 18 या उससे अधिक उम्र की वैवाहिक महिलाओं को लाभ नहीं दिया जा रहा है विधानसभा चुनाव में 500 में सिलेंडर देना और नए आवास का वादा किया था उन्नति योजना के तहत 21 कुंतल प्रति एकड़ धान की खरीदी कर एक विकसित 3100 रुपए प्रति कुंतल के दर पर देने की बात कही थी जो कि अभी तक नहीं मिला है। कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल रहें जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वरं देशमुख, जिला कांग्रेस महामंत्री अजय मारकंडे, लोकसभा प्रभारी इंदु वर्मा युवा कांग्रेस, प्रदेश महासचिव चेतन भानुशाली प्रदेश महासचिव मानव देशमुख, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग विशु अजमानी, प्रदेश सचिव कुबेर वैष्णव, आशीष रामटेके, पवन राजपूत, सुनील कोठरी, रवि साहू चंद्रकांत साहू, डेहर साहू, राहुल साहू, शंकर देशलाहरा लेखु टंडन, अवध सिन्हा, सुरेश, धानसिंग, भूषण बंजारे, लक्की चंद्राकर, हेमंत साहू, दौलत साहू, नोहर साहू, ठाकुरटोला बुथ अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू, धरम जोशी, वरिष्ठ मोती राम जांगड़े, दीनदयाल साहू भोला कौशिक, संतोष बंजारे, पारसदास साहू एवं युवा कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।










जमीन बेचना है
कोटरा जय बाबा राईस मिल के पास बांधाबाजार, जिला मोहला-मानपुर, अं. चौकी में 2 एकड़ 39 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है.
-: संपर्क :-
मो.-9479006044
9424106868




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com